# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

www.kanwhizztimes.com ❐ वर्ष-14 ❐ अंक-352 ❐ सोमवार, 26 जनवरी 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



किसान देश का मेरुदंड : राष्ट्रपति मुर्मू 11

तेजस्वी बने राजद के कार्यकारी अध्यक्ष 11


## बधाई



**'कैनविज टाइम्स'** की ओर से गणतंत्र दिवस की सभी देश और प्रदेशवासियों सहित सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक बधाई।

राकेश कुमार पाण्डेय
चेयरमैन/प्रधान संपादक

## सूचना

गणतंत्र दिवस पर कैनविज टाइम्स कार्यालय में 26 जनवरी 2026 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

- संपादक

# नितिन नबीन ने फूंका चुनावी बिगुल

## बोले-कमर कस लीजिए, देश को बांटने वाली ताकतों से भी लड़ना है

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ/मथुरा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए रविवार को मथुरा से चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब हर कार्यकर्ता को कमर कसकर मैदान में उतरना होगा, क्योंकि 2027 दूर नहीं है।

नितिन नबीन ने कहा कि देश में कुछ ऐसी ताकतें हैं जो समाज को तोड़ने और बांटने की राजनीति करती हैं। ये लोग केवल चुनाव के वक्त सक्रिय होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसी सोच का मुकाबला करने का आह्वान किया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश में बंदूक की नोक पर सरकारें चलती थीं, लेकिन आज प्रदेश में जनता के मत से चुनी गई सरकार सुशासन के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यूपी जिस तेजी से प्रगति कर रहा है, वह कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रहा। जो लोग राजनीति को केवल टाइमपास समझते हैं, चुनाव आते ही सक्रिय हो जाते हैं और बाद में विदेश चले जाते हैं, अब उन्हें जवाब देने का वक्त आ गया है। अपने ● शेष पेज 11 पर



### युवा ऊर्जा के प्रतीक हैं नितिन नबीन : योगी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को कान्हा की नगरी में आस्था और राजनीति का नया अध्याय लिखा। अक्षयपात्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद दोनों दिग्गजों ने ठाकुर बांकेबिहारी के चरणों में हाजिरी लगाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने नितिन नवीन को 'युवा ऊर्जा का प्रतीक' बताया, वहीं यूपी की बदलती साख का रिपोर्ट कार्ड भी पेश किया। योगी ने कहा कि नितिन नबीन युवा ऊर्जा के धनी हैं। बिहार विधानसभा में पांच बार के विधायक और संगठन के विभिन्न पदों पर रहने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। अध्यक्ष बनने के बाद उनका कान्हा की नगरी में पहला आगमन कार्यकर्ताओं के लिए आह्लादकारी क्षण है। योगी ने जय श्रीराम और राधे-राधे के उद्घोष के साथ आध्यात्मिक और राष्ट्रवादी चेतना का संचार किया। योगी ने भावुक होते हुए पिछली ● शेष पेज 11 पर

### अच्युतानंदन, धर्मेंद्र समेत पांच हस्तियों को पद्म विभूषण

एजेंसी

नयी दिल्ली। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मार्क्सवादी नेता वी.एस. अच्युतानंदन तथा जाने-माने फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से अलंकृत करने के लिए चुना गया है। इनके अलावा तीन और हस्तियों को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया जायेगा। सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करने की घोषणा की है। श्री अच्युतानंदन और श्री धर्मेंद्र के अलावा इस सूची में प्रख्यात न्यायविद न्यायमूर्ति के. टी. थॉमस, मलयालम साहित्यकार पी. नारायणन और उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाली विश्व प्रसिद्ध वायलिन वादक एन. राजम भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति थॉमस तथा श्री नारायणन केरल से हैं। अक्टूबर 1923 में जन्मे श्री अच्युतानंदन को उनकी जन-हितैषी राजनीति के लिए जाना जाता रहा है। वह 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री रहे। सार्वजनिक मामलों में उनका पूरा जीवन आम आदमी के अधिकारों की लड़ाई ● शेष पेज 11 पर

### भारतीय उत्पाद उच्च गुणवत्ता के पर्याय होने चाहिए: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्योग जगत एवं स्टार्टअप से गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने तथा विनिर्माण में उत्कृष्टता को एक मानदंड बनाने का संकल्प लेने का ● शेष पेज 11 पर

### उप्र के 90 पुलिसकर्मी बने सम्मान के हकदार, 18 को वीरता पदक

लखनऊ। गणतंत्र दिवस 2026 के मौके पर उत्तर प्रदेश के 18 पुलिस कर्मियों को वीरता पदक, 4 को उत्कृष्ट ● शेष पेज 11 पर


आप सभी नागरिकों को 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!



**हरिश्चन्द्र दुबे**

एडवोकेट, हाईकोर्ट लखनऊ, अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद अवध इकाई सुल्तानपुर, प्रबंधक पंडित शिवरतन दुबे पी जी कॉलेज दुबे पुर दुर्गानगर कूरेभार सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश

आप सभी नागरिकों को 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!



**डॉ वेदांत नारायण यादव**

अधीक्षक

सामु. स्वा. केंद्र कुड़वार

सुल्तानपुर




आप सभी नागरिकों को 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!




**सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराजदेव जी**

गद्दीधीश आचार्य - सत्यधाम आश्रम

ग्राम-सिंहौली, कोइरीपुर

सुलतानपुर

व्हाट्सअप 9454690253



# पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर का धूमधाम से मनाया गया जन्म दिवस

❒ समाजसेवी ने हजारों महिलाओं को वितरित किए कंबल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के हुलास खेड़ा गांव में रविवार को गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद कौशल किशोर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रविवार को भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह द्वारा तहरी भोज एवं कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद मंत्री कौशल किशोर एवं मोहनलालगंज भाजपा विधायक अमरेश रावत का पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह एवं अभय प्रताप सिंह द्वारा जोरदार फूलमालाओं एवं पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया और कार्यक्रम में पहुंची हजारों महिलाओं को कंबल वितरण किया गया। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद कौशल किशोर का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया पूर्व सांसद ने कार्यक्रम में पहुंची हजारों की संख्याओं में महिलाओं एवं क्षेत्रीय ग्रामीण को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की स्वतंत्रता के लिए हजारों नौजवानों ने अपना बलिदान दिया है तब हमें यह आजादी मिली है लेकिन दुर्भाग्य है कि हमारे देश का युवा आज के समय में नशी के दुष्प्रभाव मैं पडकर समय अपनी जान गवा रहा है और अपने परिवार का भविष्य अंधकार में ले जा रहा है पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्हें शपथ दिलाई की वह अपने परिवार के सभी सदस्यों को नशे से बचाए और अपने दरवाजे पर नशा मुक्ति घर का स्लोगन लगाए। वहीं मोहनलालगंज भाजपा विधायक अमरेश रावत केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मोदी सरकार द्वारा जी राम जी योजना के तहत ग्रामीणों को 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी जा रही है।कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, भाजपा नेत्री गरिमा आनंद, विनोद सिंह, प्रदीप सिंह, अभय प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, दिलीप रावत, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह प्रधान सूर्यकुमार द्विवेदी, सभासद सत्येंद्र पाल, आशीष सिंह अध्यक्ष साधन सहकारी समिति सभासद सोनू शर्मा, प्रधान रविंद्र यादव, समेत हजारों की संख्या में महिलाएं व क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मानवता की मिसाल बने सिविल डिफेंस अधिकारी

लखनऊ । सिविल डिफेंस लखनऊ के अधिकारी मनोज वर्मा ने 50वी बार रक्तदान करके अपने विभाग सिविल डिफेंस का नाम रोशन किया।आज लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ पुलिस मित्र परिवार के द्वारा वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में रक्तवीरों ने प्रतिभाग किया। इस दरमियान 69 रक्तवीरो ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रक्तदान संकल्प लेकर रक्तदान किया।लखनऊ सिविल डिफेंस में सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर के पद पर कार्यरत मनोज वर्मा जो हमेशा बढ़चढ़ कर लोगो की सहायता करते रहते है, जिसके लिए उन्हें आजादी की 75वी वर्षगांठ पर राष्ट्रपति पदक से अलंकृत किया गया था, ने 50वी बार रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि वो प्रत्येक वर्ष अपने जन्मदिन 24 जुलाई और अपने विभाग सिविल डिफेंस के स्थापना दिवस 6 दिसंबर पर अनिवार्य रूप से रक्तदान करते है। इस बार जन्मदिन और स्थापना दिवस पर तकनीकी कारणों से रक्तदान कर नहीं पाए थे इसलिए आज रक्तदान किया। इसके साथ साथ जब भी किसी जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता होती है, तो सशरीर पहुंचकर रक्तदान करते है।

## ग़ाज़ी गैंग का तांडव: बर्थडे पार्टी की आड़ में सड़क पर गुंडागर्दी, युवक पर जानलेवा हमला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

दुबग्गा, लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर दबंगों ने कानून-व्यवस्था को खुलेआम चुनौती दी है। ग्लोब कैफ़े के पास रविवार बीती रात जो घटना घटी, उसने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या सड़कों का इस्तेमाल अब ट्रैफिक के लिए नहीं बल्कि दबदबे के प्रदर्शन के लिए होने लगा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 11 बजे पीड़ित युवक सुफ़यान पुत्र अंसार निवासी छन्दोईयां अपने दो साथियों के साथ रास्ते से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क के बीच करीब 20ऽ25 लोग बर्थडे पार्टी के नाम पर केक काटते हुए जश्न मना रहे थे। जिससे रास्ता पूरी तरह जाम हो गया था।जब सुफ़यान ने शांति से रास्ता देने का अनुरोध किया, तो वहां मौजूद सलमान गाजी, निजाम गाज़ी, रेहान गाजी सिकंदर ग़ाज़ी और शावेज गाजी समेत अन्य लोग आग बबूला हो गए। आरोप है कि मामूली कहासुनी देखते ही देखते गाली-गलौच और फिर हिंसक हमले में बदल गई। हमलावरों ने ईंटों और धारदार हथियारों से सुफ़यान व उसके साथियों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में सुफ़यान, गुफरान, एकलाख, समेत अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सुफ़यान के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला इतनी बेरहमी से किया गया कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लेकिन आरोपी बेखौफ रहे, मानो उन्हें कानून का कोई भय ही न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग़ाज़ी गैंग का यह पहला मामला नहीं है। ग्लोब कैफ़े और आसपास के इलाके में आए दिन गाली-गलौच, मारपीट और दबंगई की घटनाएं सामने आती रहती हैं। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद सख्त कार्रवाई न होने से दबंगों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। जिससे आम नागरिक दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं। इस घटना के बाद दुबग्गा पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## नगराम पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पांच वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना नगराम पुलिस ने न्यायालय में लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। नगराम पुलिस द्वारा रविवार को पांच नफर वारंटी अभियुक्तों को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि क्षेत्र के भजाखेड़ा निवासी जयसिंह, पतौना निवासी वासुदेव व शुभम, डिघारी निवासी रामनरेश और पंकज पर विभिन्न मुकदमों में न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू वारंट के तहत वांछित थे। सभी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। नगराम पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## भैरवनाथ बाबा मंदिर मेले का भव्य शुभारंभ



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के निगोहां क्षेत्र अंतर्गत भैरमपुर स्थित प्राचीन भैरवनाथ बाबा मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय मेले का भव्य आगाज़ हो गया। मेले के पहले दिन खेलकूद गतिविधियों के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से आई 16 टीमों ने भाग लेकर रोमांचक मुकाबलों के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष विकास पटेल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा भी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। मेले के आयोजक विमल किशोर उर्फ रामू ने बताया कि यह दो दिवसीय मेला विगत कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। मेले के दौरान धार्मिक आस्था के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल होकर मेले का आनंद लेते हैं। मेले के शुभारंभ अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण, खिलाड़ी एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति से पूरे क्षेत्र में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहा। मेले के सफल आयोजन में मुख्य सहयोगी के रूप में रामाकांत, वैभव सिंह, सुनील पटेल, शैलेंद्र, संगम, सुनील, अमित, अवनीश, शिवम भारद्वाज, निर्मल, अनुरूद्ध, अनिल सोनी, अंकुश, शुभम वर्मा एवं बेचा का सराहनीय योगदान रहा।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर व्यापारियों ने अनिवार्य मतदान की ली शपथ

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर 'उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल'' के बैनर तले व्यापारियों ने प्रत्येक चुनाव में अनिवार्य मतदान की शपथ ली ,संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई शपथ ग्रहण कार्यक्रम हजरतगंज स्थित साहू सिनेमा के पास आयोजित हुआ इस अवसर पर बोलते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा लोकतंत्र में जनता के पास वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार है सभी को मताधिकार के हथियार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए उन्होंने कहा व्यापारियों को चुनाव में जाति धर्म में ना बटते हुए व्यापारी बनकर वोट देना होगा तथा अपने आप को मजबूत ''व्यापारी वोट बैंक'' के रूप में स्थापित करना होगा तभी व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा और सरकारे आसानी से व्यापारियों की बात सुनेंगी उन्होंने कहा जो लोग मताधिकार का प्रयोग नहीं करते, उन्हें सरकारो को कोसने का कोई अधिकार नहीं है उन्होंने कहा हमें स्वयं तथा अपने परिजनों एवं परिचितो को अनिवार्य मतदान हेतु जागरूक करना होगा संजय गुप्ता ने कहा कि चुनाव में व्यापारी अपने परिजनों के साथ वोटों का प्रयोग कर मजबूत व्यापारी वोट बैंक के रूप में दिखें उन्होंने कहा राजनीतिक दल एवं सत्ता पर बैठे हुए लोग केवल वोटों की भाषा समझते हैं अतः नागरिकों को इस भाषा का प्रयोग अच्छे तरीके से करना आना चाहिएव्यापारी नेता संजय गुप्ता ने व्यापरियों एवं नागरिकों से मताधिकार के समय जाति धर्म की सोच को छोड़कर शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, व्यापार, उद्योग ,एवं देश– प्रदेश के चौमुखी विकास के विषयों को ध्यान में रखते हुए मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की शपथ कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री शशिकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा, मंत्री संदीप सिंह गौर,प्रदेश संसदीय महामंत्री सुहेल हैदर अल्वी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेखर कुमार समेत अन्य व्यापारी शामिल थे।

## तखवा चौराहा क्षेत्र में अवैध कूड़ा कलेक्शन पर बड़ी कार्रवाई, तीन ठेलियाँ जब्त, एफआईआर के निर्देश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट के निकट तखवा चौराहा क्षेत्र में माननीय महापौर जी द्वारा अवैध कूड़ा कलेक्शन के खिलाफ एक बड़ी और सख्त कार्रवाई की गई। माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से कूड़ा एकत्र कर रही तीन ठेलियों को रंगे हाथों पकड़ा। ये ठेलियाँ लेक व्यू होटल के पास बने एक अवैध डंपिंग प्वाइंट पर कूड़ा गिराते हुए पाई गईं, जिससे क्षेत्र में गंदगी, प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा लगातार बढ़ रहा था।मौके पर की गई पूछताछ में यह गंभीर तथ्य सामने आया कि यह पूरा अवैध नेटवर्क अविनाश वर्मा, शंभू एवं अमित की शह पर संचालित किया जा रहा था। इनकी संरक्षण में लंबे समय से अवैध रूप से कूड़ा कलेक्शन कर उसे गैरकानूनी डंपिंग स्थलों पर गिराया जा रहा था, जिससे नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था को सीधी क्षति पहुंच रही थी। माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी के स्पष्ट निर्देश पर नगर निगम की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों ठेलियों को जब्त कर लिया। साथ ही अविनाश वर्मा, शंभू, अमित तथा ठेला संचालक तीन व्यक्तियों जाकिर, जिलाउद्दीन और हबीजुद्दीन के विरुद्ध विभूति खंड थाना में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। इस पूरी कार्रवाई के दौरान मौके पर जोन 4 की जोनल अधिकारी सुश्री शिल्पा कुमारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर श्री पंकज शुक्ला सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने स्पष्ट कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध कूड़ा कलेक्शन, गैरकानूनी डंपिंग प्वाइंट और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति या अधिकारी के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## आगामी सदन बैठक को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** नगर निगम की आगामी सदन बैठक, जो 27 जनवरी को प्रस्तावित है, उससे पूर्व माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी के कैंप कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपनेता पार्षद दल भाजपा श्री सुशील तिवारी 'पम्मी' जी एवं नेता पार्षद दल सपा श्री कामरान बेग जी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान सदन की कार्यसूची, नगर विकास से जुड़े प्रमुख प्रस्तावों, जनहित के मुद्दों तथा निगम की भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न वार्डों से संबंधित समस्याओं, विकास कार्यों की प्रगति और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के विषयों पर भी गंभीर विचार–विमर्श हुआ।माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने कहा कि नगर विकास के लिए सभी दलों के बीच समन्वय और सहयोग आवश्यक है। उन्होंने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेने पर बल दिया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और दोनों नेताओं ने नगर हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## नगराम में युवक की हत्या का 36 घंटे में खुलासा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नगराम, लखनऊ । थाना नगराम पुलिस एवं सर्विलांस टीम जोन दक्षिणी ने युवक की हत्या की सनसनी खेज वारदात का मात्र 36 घंटे में सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लोहे की पाइप व जींस पैंट भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अरविंद कुमार उर्फ अरुण, निवासी गुलालखेड़ा, थाना नगराम है।

बीती 23 जनवरी को ग्राम गुलालखेड़ा निवासी ओमप्रकाश का शव इंदिरा नहर की पटरी के नीचे झाड़ियों में खून से लथपथ मिला था। इस संबंध में मृतक की मां की तहरीर पर थाना नगराम में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 22 जनवरी की रात ओमप्रकाश शराब के नशे में उसकी अंडे की दुकान पर पहुंचा था और नशे की हालत में चलने में असमर्थ होकर वहीं सो गया। देर रात मौका पाकर आरोपी ने लोहे की पाइप से उसके सिर पर वार कर हत्या कर दी। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली है।

## भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान का शक्ति प्रदर्शन व सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम

❒ मिशन को लेकर संगठन को मिली नई धार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



दुबग्गा, लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान द्वारा आयोजित सदस्यता ग्रहण एवं शक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम अब केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि किसान राजनीति में संगठन की उभरती ताकत का स्पष्ट ऐलान बनकर सामने आया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रभावशाली व सम्मानित व्यक्तियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की, जिससे यह संदेश गया कि किसान अब अपने हक की लड़ाई के लिए चुप नहीं बैठेंगे।कार्यक्रम के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सलमान ने पत्र जारी कर नए पदाधिकारियों की घोषणा की। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन को जिला, प्रदेश और महासचिव स्तर तक मजबूत नेतृत्व प्राप्त हुआ।राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सलमान ने दो टूक शब्दों में कहा किल्लभारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान किसानों और गरीबों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी। पद किसी शोभा की वस्तु नहीं, बल्कि संघर्ष की जिम्मेदारी है। अब किसानों की आवाज दबने नहीं दी जाएगी। सरकार और प्रशासन को हर हाल में जवाब देना होगा।उन्होंने आगे कहा कि संगठन किसान विरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, फसलों के उचित दाम और किसानों के उत्पीड़न के खिलाफ निर्णायक संघर्ष करेगा।कार्यक्रम में कई कार्यकर्ताओं को महानगर अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद सौंपे गए। जिससे संगठन का ढांचा जमीनी स्तर तक और अधिक मजबूत हुआ।इस अवसर पर सैफ पठान को प्रदेश प्रभारी (युवा), जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनकी नियुक्ति को संगठन में युवा शक्ति को आगे लाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा किअब किसान यूनियन सिर्फ एक संगठन नहीं बल्कि एक आंदोलन बनेगी।भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने किसान हितों की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया।

## मिट्टी खनन माफियाओं पर एसडीएम का हंटर, दो डंपर सीज, मचा हड़कंप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी , लखनऊ । बीकेटी तहसील क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन ने शनिवार रात्रि को बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाया और एसडीएम बीकेटी साहिल कुमार ने टीम के साथ छापेमारी कर मिट्टी खनन में लगे दो डंपरों को पकड़कर सीज कर दिया वही कार्रवाई के बाद खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिंगवा थाना क्षेत्र में बिना अनुमति बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन और परिवहन किया जा रहा था।इसकी लगातार शिकायतें प्रशासन को मिल रही थीं।शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने मौके पर दो डंपरों को अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन करते हुए पकड़ा।जांच में डंपर चालकों के पास खनन व परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए,जिसके बाद एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों डंपरों को सीज कर संबंधित थाने में खड़ा करा दिया और डंपर मालिकों और अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ खनन अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में कार्रवाई की जा रही थी।एसडीएम ने इस मौक़े पर कहा कि अवैध खनन से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचता है और सरकारी राजस्व को क्षति होती है,ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। आगे भी अवैध खनन के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

## मतदाता शपथ समारोह में बुजुर्गों को वितरित किए कंबल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । कठवारा स्थित प्राथमिक विद्यालय मल्लाहन खेड़ा भाग संख्या 182 में मतदाता शपथ समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मतदाताओं और गांव के अन्य लोगों ने भाग लिया।बीकेटी में स्थित आरआर इंस्टीट्यूट के चैयरमैन अनिल अग्रवाल के सहयोग से शिक्षामित्र सुधा सिंह ने बुजुर्ग मतदाताओं को कंबल वितरित किए और उन्हें अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।सुधा सिंह ने कहा,''मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने से समाज में एक ऐसे व्यक्ति को चुना जा सकता है,जो आम जनमानस और देश की प्रगति को गति दे सके।''उन्होंने कहा कि वह अपने कार्य को सही तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जिले में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं।सुधा सिंह एक समाज सेविका भी हैं और समय-समय पर स्कूल के बच्चों के लिए काम करती हैं।उन्होंने कहा, ''मैं जरूरतमंद बच्चों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहती हूं और उनके परिवार के बुजुर्ग लोगों के लिए भी काम करती हूं।इस अवसर पर समाजसेवी व आरआर इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट के चैयरमैन अनिल अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए और मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। मतदाता शपथ समारोह में भाग लेने वाले लोगों ने सुधा सिंह की समाज सेवा की प्रशंसा की।सुधा सिंह ने कहा,''मैं अपने कार्य को आगे भी इसी तरह से करती रहूंगी और समाज के लिए काम करती रहूंगी।''

## राजधानी हॉस्पिटल में महिला की मौत,2.50 लाख में रफा–दफा हुआ मामला

❒ इलाज या मुनाफाखोरी: निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




ठाकुरगंज, लखनऊ । कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चौकी भूहर के पास स्थित लखनऊ राजधानी हॉस्पिटल उस समय विवादों में घिर गया। जब इलाज के दौरान एक महिला मरीज की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की।

परिजनों के अनुसार महिला कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थी और बीते 11 दिनों से लखनऊ राजधानी हॉस्पिटल में भर्ती थी। आरोप है कि इस दौरान न तो उसे किसी विशेषज्ञ डॉक्टर की निगरानी में उचित इलाज मिला और न ही समय रहते किसी बड़े और सक्षम अस्पताल में रेफर किया गया। परिजनों का कहना था कि मरीज की हालत लगातार बिगड़ती रही। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब अस्पताल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज की आवश्यक सुविधाएं और विशेषज्ञ उपलब्ध ही नहीं थे। तो मरीज को भर्ती क्यों किया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन को पहले से ही यह जानकारी थी कि यहां समुचित इलाज संभव नहीं है। इसके बावजूद मरीज को भर्ती कर इलाज के नाम पर लगातार पैसे वसूले जाते रहे। अंततः मरीज की मौत हो गई।महिला की मौत की सूचना मिलते ही थाना ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल संचालक डॉ. शहनवाज़ और मृतका के परिजनों के बीच बातचीत हुई। सूत्रों के मुताबिक, मृतका के परिजनों को ?2 लाख 50 हजार की राशि देकर समझौता कराया गया। समझौते के बाद न तो पोस्टमार्टम कराया गया और न ही मामले में कोई कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ी।इस घटनाक्रम ने स्वास्थ्य व्यवस्था, विशेषकर निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों और सूत्रों का आरोप है कि लखनऊ राजधानी हॉस्पिटल स्वास्थ्य विभाग द्वारा तय मानकों के विपरीत संचालित हो रहा है। अस्पताल में न तो पर्याप्त चिकित्सकीय संसाधन हैं। न अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और न ही गंभीर मरीजों के इलाज की समुचित व्यवस्था। इसके बावजूद गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को भर्ती करना मरीजों की जान के साथ खुला खिलवाड़ बताया जा रहा है।यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि उन निजी अस्पतालों की सच्चाई को उजागर करती है। जो बिना आवश्यक संसाधन और विशेषज्ञता के केवल मुनाफ़े के उद्देश्य से संचालित हो रहे हैं। गरीब और मजबूर लोग बेहतर इलाज की आस में ऐसे अस्पतालों का रुख करते हैं, लेकिन अंत में उन्हें या तो अपनों की जान गंवानी पड़ती है या फिर मजबूरी में समझौते का रास्ता अपनाना पड़ता है।स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि ऐसे अस्पतालों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर उन्हें सील किया जाए। जनता का कहना है कि इस मामले को केवल समझौते तक सीमित न रखा जाए, बल्कि जिम्मेदार डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन पर कानूनी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में इलाज के नाम पर किसी और की जान न जाए।हालांकि लेन-देन के बाद यह मामला फिलहाल शांत कर दिया गया है, लेकिन सवाल अब भी कायम हैक्या ऐसे मामलों में वास्तव में कार्रवाई होगी, या यूं ही लोग इलाज के नाम पर अपनी जान गंवाते रहेंगे?

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आम आदमी पार्टी ने निकाली तिरंगा पदयात्रा

लखनऊ । गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी अटूट आस्था के साथ आम आदमी पार्टी (आआपा), लखनऊ की ओर से एक तिरंगा पदयात्रा निकाली गई। जिलाध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में निकाली गई पदयात्रा का शुभारंभ छोटा इमामबाड़ा से हुआ । रूमी गेट हुसैनाबाद पहुंचकर पूरे सम्मान और गरिमा के साथ पदयात्रा का समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज, हाथों में लहराता तिरंगा और ल्लभारत माता की जयङ्क के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति और जनचेतना से ओतप्रोत रहा।

## सूचना

शादी से पहले मेरा नाम रुचि मिश्रा था, लेकिन तिवारी परिवार में शादी होने के बाद से मै अपना नाम रुचि तिवारी लिख रही हूं। अब मुझे रुचि तिवारी के नाम से ही जाना और पहचाना जाता है। मैं सरकारी अभिलेखों में अपना नाम रुचि तिवारी दर्ज कराना चाहती हूं-- रुचि तिवारी पत्नी श्री श्रीकान्त तिवारी निवासी- 2/3 भाटिया बिल्डिंग बलरामपुर हॉस्पिटल कैम्पस गोलागंज लखनऊ

# मतदान दिवस पर छात्र-छात्राओं, बीएलओ व सुपरवाइजर्स को किया गया सम्मानित

❒ जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित, गुब्बारे उड़ाकर एवं हस्ताक्षर करके किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन गांधी फैज-ए-आम महाविद्यालय में किया गया। जिसका शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित, गुब्बारे उड़ाकर एवं हस्ताक्षर करके किया और जनपद के विभिन्न माध्यमिक तथा बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में आयोजित पोस्टर, स्लोगन, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया। साथ ही मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ तथा सुपरवाइजर्स को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, एडीएम और जीएफ कालेज के प्राचार्य आदि ने मतदाता सूची में नाम शामिल कराने, मतदान करने तथा निर्वाचन संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के मतदाता दिवस के संदेश के आडियो को प्रसारित किया गया। वहीं, जिलाधिकारी ने सभी को निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई और 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूरे करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि चुनाव के समय बिना किसी प्रलोभन के या फिर जाति, धर्म के आधार पर वोट ना करें। अन्त में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, जीएफ कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर मोहसिन हसन खां सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने की जनसभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ अब पन्द्रह फीसदी राज नहीं करेंगे, बल्कि पच्चासी फीसदी रणनीति तय करेंगे: कुलदीप भार्गव

सकरन, सीतापुर । भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने संयुक्त रूप से जनसभा का आयोजन किया।संगठन के प्रदेश संयोजक डॉ कुपदीप भार्गव ने वर्तमान सरकार को आरक्षण, व बहुजन विरोधी बताते हुए तीखे प्रहार किए। इस मौके पर पदाधिकारियों के साथ करीब दो हजार कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्लॉक सकरन के गोडियनपुरवा चौराहे पर भीम आर्मी संगठन व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक जनसभा का आयोजन किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ कुलदीप भार्गव व विशिष्ट अतिथि अनीस गाजी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम के आयोजक मुलायम सिंह रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संयोजक का उमरा कलां मोड़ पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद सकरन के यज्ञशाला तक शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद मुख्य अतिथि ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने अपने जनप्रतिनिधियों की जबान काट रखी है, जो जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचने नहीं देते। ये भी कहा कि हम लोग नीले कबूतर नहीं नीले बाज हैं। हम प्रशासन पर बाज की तरह हमला करते हैं। आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सभी कार्यकर्ता अपने ही समाज को मतदान करें और एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करें। सभा को सम्बोधित करते हुए मुलायम सिंह ने बताया कि आगामी विधान सभा चुनाव में बहुजन समाज के लोग आजाद समाज पार्टी को मतदान करेंगे और निरंकुश हो चुकी सरकार को जड़ से उखाड़ फ़ेकेंगे। अंत मे मुख्य अतिथि डॉ कुलदीप भार्गव ने स्कूली बच्चों को पेंसिल व कॉपी वितरित किये। इस मौके पर प्रदेश संयोजक भीम आर्मी डॉ कुलदीप भार्गव, शैलेन्द्र राजवंशी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य आजाद समाज पार्टी अनीस गाजी, जिला संयोजक भीम आर्मी राकेश राजवंशी, जिलाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी विश्वदीप चौधरी, जिला प्रभारी भीम आर्मी डॉ सरोज कुमार, तहसील संयोजक भीम आर्मी अश्वनी शर्मा, जिला संगठन सचिव सर्वेश कुमार, जिला पंचायत प्रत्याशी मुलायम सिंह, सन्तराम सहित हजारों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हुए विभिन्न आयोजन

सीतापुर । पी.एम. श्री राजकीय इण्टर कॉलेज में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 10 विद्यालयों ने एकल और समूह नृत्य/गायन स्पर्धा में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), नीतीश कुमार सिंह ने किया। संचालन जिला क्रीड़ा सचिव, अवधेश नन्दन पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट, मीनाक्षी पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह, फूलचंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में भी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के लगभग 12 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना निदेशक, अनिल कुमार चौधरी ने की। संचालन डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी के द्वारा किया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, सीतापुर इकाई के द्वारा कार्यक्रम संयोजन की भूमिका निभाई गई और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# भगवान अपने भक्तों के वचन की लाज रखते हैं: पं0 धर्म दत्त वाजपेयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। सच्ची निष्ठा और दानवीरता से भगवान की कृपा प्राप्त होती है और मृत व्यक्ति को मोक्ष का मार्ग मिलता है। साथ ही भगवान अपने भक्तों के वचन की लाज रखते हैं और उनकी रक्षा करते हैं। यह बातें सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित धर्म दत्त वाजपेयी ने जहांगीराबाद कस्बे के वार्ड संख्या एक में रमेश शर्मा के मकान के सामने आयोजित श्रीमद्भागवत कथावाचन के दौरान कहीं।

उन्होंने राजा बलि का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में राजा बलि का प्रसंग बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें उनकी दानवीरता और भगवान विष्णु के वहां अवतार की कथा का वर्णन है। उन्होंने बताया बलि एक महान दानवीर थे। जिन्होंने अपने गुरु शंकराचार्य की सलाह पर विश्वजीत यज्ञ किया और अपना सब कुछ दान कर दिया। भगवान विष्णु ने वामन अवतार लेकर राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी ।राजा बलि ने वामन जी को तीन पग भूमि देने का वचन दिया। लेकिन जब वामन जी ने विराट रूप धारण कर दो पग में ही सारी पृथ्वी और स्वर्ग को नाप लिया तो राजा बलि ने अपना वचन पूरा करने के लिये अपना सिर बामन जी के चरणों में रख दिया। राजा बलि ने अपना वचन पूरा करने के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया, जिससे भगवान विष्णु ने प्रसन्न होकर उन्हें पाताल लोक का राजा बना दिया। भगवान विष्णु ने राजा बलि को वरदान दिया कि वह अगले मन्वंतर में इंद्र बनेगा और उसकी निष्ठा और दानवीरता के कारण उसे मोक्ष प्राप्त होगा। राजा बलि को भगवान विष्णु ने कलियुग के अंत तक जीवित रहने और धर्म कार्य करने का वरदान दिया।

इस मौके पर राम बहादुर गौड़, रमेश चन्द्र गौड़, जितेन्द्र सैनी,शुभम गौड़, सुरेश प्रकाश गौड़, राजेश कुमार निगम,राम नरेश सैनी,महेश ,संजय,रामगनेश सैनी, मनोज कुमार गौड़ ,डिम्पल गौड़, संदीप सैनी व संतोष कश्यप सहित दर्जनों श्रद्धालु श्रोता भक्त उपस्थित थे।

## न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कालेज मे मनाया गया 16वाँ मतदाता दिवस

रायबरेली। डलमऊ कस्बे के मुराई बाग कस्बे में स्थित न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में रविवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम एसडीएम सत्येंद्र सिंह व नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह की मौजूदगी में आयोजित किया गया।इस दौरान मे मौजूद 18 से 21 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को बताया कि अपने मत शत-प्रतिशत प्रयोग करना है किसी भी प्रकार के लालच में न आये इसी क्रम में एसआईआर पर? बताया कि जिन लोगों का नाम कट गया है उनको नोटिस से प्राप्त हो गई होगी वह लोग ब्लाक कार्यालय में पहुंच कर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। एसडीएम ने लोगो को जागरूक करते हुए यह भी बताया कि कही भी किसी भी चुनाव के दौरान कोई सामान आदि प्रत्याशी द्वारा वितरित किया जाता है तो उसकी सूचना मुझे दे। इस मौके पर एसडीएम सत्येंद्र सिंह, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल हरिओम त्रिपाठी, कानूनगो हरि प्रकाश त्रिवेदी प्रधानाचार्य राकेश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं,शिक्षक मौजूद रहे।

# चोरी के जेवरात समेत उत्तराखंड के दो शतिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना बण्डा की संयुक्त पुलिस टीम ने चोरी के जेवरात समेत उत्तराखंड के दो शतिर चोरों को गिरफ्तार किया है।बीती 18 जनवरी को थाना बण्डा क्षेत्र के मोहल्ला गुरूनानक कालोनी के रहने वाले अभय प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वो परिवार के साथ घर से बाहर गया था, इसी बीच अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे 70 हजार रुपये नकद और जेवरात चोरी कर लिए हैं।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश शुरू की। इसी क्रम में बीती रात एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना बण्डा की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ददिउरी मोड़ से बाइक सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी के जेवरात समेत एक मोटरसाइकिल और मोबाइल आदि बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्त उत्तराखंड के जनपद ऊधम सिंह नगर के थाना खटीमा क्षेत्र के रहने वाले अशरफ उर्फ मुन्ना कालिया और अकील इरफान उर्फ छोटे लल्ला हैं। पकड़े गए अभियुक्त अशरफ उर्फ मुन्ना कालिया पर शाहजहांपुर सहित जनपद ऊधमपुर नगर और जनपद पीलीभीत और बरेली के कई थानों में चोरी, गुण्डा एक्ट, गैंगस्टर, शस्त्र अधिनियम आदि के करीब तीन दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है और पुलिस पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना बंडा के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय के साथ एसओजी प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, सर्विलांस सेल प्रभारी मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# धौरहरा में ऐप्जा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य आगमन

❒ तिरंगा यात्रा के साथ शपथ समारोह संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




धौरहरा, लखीमपुर खीरी। ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा का आज धौरहरा में भव्य आगमन हुआ। उनके साथ ऐप्जा के चीफ कॉर्डिनेटर अनुराग सारथी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। राष्ट्रीय पदाधिकारियों के आगमन पर स्थानीय पत्रकारों एवं संगठन पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।इस अवसर पर ऐप्जा के तत्वावधान में सिसैया से धौरहरा तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लिए पत्रकारों ने देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा निकाली, जिससे क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति, एकता और पत्रकारों की संगठित शक्ति का संदेश गया। तिरंगा यात्रा धौरहरा ब्लॉक सभागार पहुंचकर संपन्न हुई।तिरंगा यात्रा के उपरांत संगठन विस्तार के तहत धौरहरा, ईसानगर एवं रमियाबेहड़ तहसीलों की कमेटियों का गठन किया गया। धौरहरा तहसील के लिए प्रेम जायसवाल को ऐप्जा का तहसील अध्यक्ष तथा दीपेंद्र मिश्रा को महामंत्री नियुक्त किया गया। अन्य तहसीलों के सम्मानित पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई।आयोजित शपथ समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा ने समस्त नव नियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ दिलाई, जिसमें संगठन की नीतियों के अनुरूप निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदारी के साथ पत्रकारिता करने का संकल्प दिलाया गया।शपथ समारोह में विधायक प्रतिनिधि धौरहरा गोपाल शंकर अवस्थी भी प्रमुख भूमिका में उपस्थित रहे।समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा ने कहा कि ऐप्जा देशभर में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, स्वतंत्र पत्रकारिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर संगठन के विस्तार से पत्रकारों को एक सशक्त मंच मिलेगा।वहीं चीफ कॉर्डिनेटर अनुराग सारथी ने संगठन की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मजबूत इकाइयों के गठन से पत्रकारों की समस्याओं का समाधान और अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।कार्यक्रम में ऐप्जा के जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ओमनारायन शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, लोक सारथी बोर्ड के जिलाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, जिला संरक्षक लोक सारथी बोर्ड कमलेश शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे। सभी ने नवगठित कमेटियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# यूजीसी नियमों के विरोध में युवाओं-छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मैगलगंज खीरी। यूजीसी के हालिया नियमों के विरोध में स्थानीय युवाओं व छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल सौरभ रॉय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शासन का ध्यान उन नियमों की ओर आकृष्ट कराया गया, जिनसे सामान्य वर्ग सहित कई छात्रों को भविष्य में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शिक्षा नीति में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं होना चाहिए, जो समान अवसर की भावना के विपरीत हो। छात्रों ने मांग की कि यूजीसी के इन नियमों को या तो तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए अथवा उनमें आवश्यक संशोधन किया जाए, ताकि किसी भी वर्ग के छात्रों के साथ अन्याय न हो और सभी को समान अवसर मिल सके।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि समय रहते इस विषय पर उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो छात्रों व युवाओं में असंतोष बढ़ सकता है। इस पर लेखपाल सौरभ रॉय ने ज्ञापन प्राप्त कर उसे सक्षम अधिकारियों तक प्रेषित करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एडवोकेट अनुज शुक्ला, प्रांशु शुक्ला, देवाशीष शुक्ला, सौरभ अवस्थी, रवि अवस्थी, देवेंद्र बाजपेई, शिवम शुक्ला, अनुराग बाजपेई, सोनू बाजपेई, अजय शुक्ला, शिवा शुक्ला, शिवा मिश्रा, पीयूष मिश्रा, प्रखर, राजा बख्श सिंह, लखन सहित भाकियू नेता व अन्य लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सम्मानित किए गए हैं नए मतदाता



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 25 जनवरी अर्थात रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महोली तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम महोली देवेंद्र मिश्र एवं तहसीलदार अंकुर यादव के द्वारा अंशिका सिंह, संतृप्ति सक्सेना, सविता सिंह, शिवानी सिंह, सुची सिंह, आराध्या सिंह, अनन्या सिंह सहित अन्य नए मतदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया...! यही नहीं महोली तहसील प्रशासन ने बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ मीना देवी एवं तृप्ति अवस्थी को भी शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया है...! इस अवसर पर महोली एसडीएम देवेंद्र मिश्रा नए मतदाताओं का हौसला बढ़ाया और अपने मताधिकार के परिपेक्ष में जानकारी दी है...! यही नहीं एसडीएम देवेंद्र मिश्र ने सभी नए मतदाताओं को लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया है...!इस अवसर पर नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार शिव प्रकाश यादव, आरके बाबू मनोज कुमार दीक्षित सहित महोली तहसील के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## लखीमपुर खीरी में उत्साह, के साथ मना 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस



**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 48 बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) एवं आठ सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की नींव होता है। उन्होंने नवपंजीकृत मतदाताओं को ईपीआईसी (मतदाता पहचान पत्र) प्रदान कर उन्हें अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया और निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर, निबंध, स्लोगन एवं अन्य विधाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं और आमजन को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।इसके अलावा जिले के 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। डीएम ने कहा कि वरिष्ठ मतदाता लोकतंत्र की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और सहभागिता से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। आयोजन के अंत में सभी अतिथियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

## एडीएम ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल




**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जरूरतमंद मूक-बधिर एवं निराश्रितों को कम्बल बांटे। इस दौरान एडीएम ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए उनका हालचाल भी जाना और प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। एडीएम ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना प्रशासन का दायित्व है और इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कहा कि सर्दी के मौसम में विशेष अभियान चलाकर जरूरतमंद, निराश्रित एवं दिव्यांगजनों को कम्बल उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण परेशानी में न पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकार के राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। कार्यक्रम के दौरान मूक-बधिर लाभार्थियों ने कम्बल पाकर प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और कई लाभार्थियों ने संकेतों के माध्यम से अपनी खुशी जाहिर की।

# खाफा ग्राम पंचायत में शिक्षा, स्वास्थ्य व चौमुखी विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता: डॉ. दिलीप प्रकाश मौर्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद, सीतापुर। सीतापुर जनपद के विकास खण्ड पहला अंतर्गत ग्राम पंचायत खाफा के बाबा बाग चौराहे पर अपने निजी आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजसेवी डॉ. दिलीप प्रकाश मौर्या ने शिक्षा, स्वास्थ्य और चौमुखी विकास को समाज की प्रगति की आधारशिला बताते हुए इन्हें अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल करने की घोषणा की।डॉ. मौर्या ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक शिक्षित, स्वस्थ और आत्मनिर्भर हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जनता उन्हें सेवा का अवसर देती है, तो शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार, संसाधनविहीन एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुलभ, सस्ती और भरोसेमंद चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराना उनका प्रमुख लक्ष्य होगा।उन्होंने कहा कि मजबूत समाज की नींव शिक्षित और स्वस्थ नागरिकों से ही रखी जाती है। इसी सोच के साथ वे चौमुखी विकास की दिशा में ठोस, पारदर्शी एवं जनहितकारी कार्य करेंगे। जनता का विश्वास उनके लिए केवल समर्थन नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे वे हर हाल में निभाएंगे।डॉ. दिलीप प्रकाश मौर्या ने दोहराया कि उनका उद्देश्य केवल वादों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर उतारकर आम जनता तक उसका वास्तविक लाभ पहुँचाया जाएगा।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं को डायरी, पेन एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पत्रकार जितेंद्र कुमार वर्मा, मनोज पासवान, धर्मेंद्र कुमार, तेजभान सिंह यादव, अर्पित शुक्ला, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अनुज शुक्ला, ए.के. विश्वकर्मा, मंजीत यादव, सुधीर श्रीवास्तव, पंकज सिंह आज़ाद, अंजू सिंह ,दिलीप त्रिपाठी सहित अन्य पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# फरधान आरओबी उद्घाटन टला, कमियों पर डीएम की सख्ती, एनएच को दो दिन का अल्टीमेटम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । एनएच-730 पर स्थित बहुप्रतीक्षित फरधान आरओबी (फ्लाईओवर) का उद्घाटन रविवार को प्रस्तावित था, लेकिन निर्माण में पाई गई कमियों के चलते कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने निरीक्षण के दौरान खामियां सामने आने पर नाराजगी जताते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग खंड के अधिशासी अभियंता शुभ नारायण को कड़ी फटकार लगाई और दो दिन के भीतर सभी अवशेष कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि उद्घाटन से दो दिन पूर्व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने फ्लाईओवर का निरीक्षण कर अवशेष कार्यों को दो दिन में पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। इसके बावजूद तय समय में कमियां दुरुस्त न होने से एनएच अधिकारियों की लापरवाही उजागर हुई। रविवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार एवं एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह फ्लाईओवर स्थल पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सड़क की फिनिशिंग सहित अन्य कार्यों में खामियां पाई गईं। इस पर डीएम ने उद्घाटन रोकते हुए साफ कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी कार्य मानक के अनुरूप पूरे होने के बाद ही उद्घाटन की नई तिथि घोषित की जाएगी।डीएम ने अधिशासी अभियंता से कमियों का कारण पूछा और दो दिन में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी कार्य संतोषजनक पाए जाने पर ही फ्लाईओवर को आमजन के लिए खोला जाएगा।इस दौरान उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची महिलाओं और बालिकाओं से डीएम ने संवाद किया और असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि इसी माह नई तिथि तय कर पुनः आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कमियों को दूर कर फ्लाईओवर को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सुविधा के रूप में जनता को समर्पित किया जाएगा।

## छोटे भाई से मोबाइल को लेकर हुए विवाद में युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

रायबरेली। छोटे भाई से मोबाइल को लेकर हुए विवाद के चलते युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगडी तो परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन वहां पर युवती ने दम तोड़ दिया।कोतवाली क्षेत्र के कोरौली दमा निवासी उमेश कुमार की 18 वर्षीय बेटी शनिवार को छोटे भाई से मोबाइल को लेकर किसी तरह का विवाद हो गया विवाद के बाद युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ लेकर गए जहां पर सुधार न होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया लेकिन देर शाम इलाज के दौरान एम्स में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है।

# हिंदू सम्मेलन में समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर हुआ गहन विचार-विमर्श

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ विभाग प्रचारक शरद जी ने कहा समाज के प्रत्येक व्यक्ति का अपना अपना महत्व हैं

संभल। नगर चन्दौसी कैथल गेट में आयोजित हिंदू सम्मेलन में समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवम गणेश वंदना के बाद विभिन्न विद्यालयों के द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

विभाग प्रचारक शरद जी ने कहा समाज के प्रत्येक व्यक्ति का अपना अपना महत्व हैं जैसे मनुष्य के शरीर के विभिन्न अंगों का अपना महत्व है। उसी प्रकार सभी हिन्दुओं को संगठित होकर भारत को बचाए रखना हैं, इसलिये ही पूज्य डॉ हेडगेवारजी ने संघ की स्थापना की थी। संघ व्यक्ति का निर्माण करता हैं जब देश मे प्राकृतिक आपदा आती है तो देश और समाज की सेवा के लिये संघ का स्वयंसेवक खड़ा रहता हैं। प्रत्येक हिन्दू को प्रतिदिन अपने परिवार के साथ ईश्वर की पूजा करनी चाहिए और परिवार के सदस्यों को संघ की शाखा में भेजे, जिससे निःशुल्क राष्ट्र की सेवा के लिये स्वयंसेवक तैयार होगा। वंदेमातरम को 150 वर्ष पूरे हुए हैं जिन लोगों को अपने राष्ट्र के गान से परेशानी है ऐसे लोगों को देश में रहने का अधिकार नहीं हैं।मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर डॉ स्वामी प्रेमानन्द जी महाराज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संघ के स्थापना वर्ष के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हिन्दू सम्मेलन के आयोजनों से वर्तमान परिवेश में हिंदू संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान परिदृश्य के विषय के अनुरूप आजकल प्रायः धर्मांतरण हो रहा है समाज में जाति के नाम पर, लव जिहाद के नाम पर धर्मांतरण हो रहे हैं जिसके कारण हिंदुओं के साथ आघात हो रहा हैं। संघ अपनी शाखों और विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचकर सेवा कार्य करता है।

जब मनुष्य की संघ द्वारा संचालित विद्या भारती के विद्यालयों में शिक्षा होती है तो सेवा आपका होना स्वाभाविक है इसलिए अपनी संस्कृति को पहचाने और ईश्वरीय आस्था में लगे। हम सभी मनुष्य अशुद्ध पैदा होते हैं लेकिन जब हमारे अंदर संस्कार डाल दिए जाते हैं तो हम सच्चे सनातनी बनते हैं। हिंदू धर्म को विश्व में पूर्व क्षेत्र भी स्वीकार कर रहा है इसलिए हम जगतगुरु हैं हमें संघ की शाखा में और जहां पर भी ज्ञान मिले जाना चाहिए।मुख्य वक्ता प्रान्त सेवा प्रमुख कुलदीप जी ने कहा कि समाज जीवन में समय अनुकूल परिवर्तन होना चाहिए। हमें पांच बिंदुओं को ध्यान में रखकर राष्ट्रहित में अपने जीवन में अपेक्षित परिवर्तन लाना उपयोगी रहेगा। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन, नागरिक कर्तव्यबोध और शिष्टाचार। जब हम वर्तमान परिदृश्य का विचार करते हैं तो भारत का भविष्य उज्जवल दिखाई देता है लेकिन अनेक चुनोतियाँ भी सामने खड़ी है उन चुनौतियों का समाधान भी समाज को संगठित होकर करना होगा, तभी भारत समर्थशाली बनेगा।अन्त में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी ने सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार के साथ पुरुस्कृत किया गया।हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता मौसम गुप्ता तथा संचालन कवि सौरभ कान्त शर्मा ने किया।इस दौरान समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल गोगी, फूलप्रकाश वार्ष्णेय, अंकित जैन, गिरीश रतन, शुभम अग्रवाल, पिंकल वार्ष्णेय, अरविंद वार्ष्णेय, आदित्य दुबे, मनोज कुमार श्याम, कौशल किशोर, अंकुर गुप्ता, आयुष, शिखर अग्रवाल, मनोज दिवाकर, राजकुमार ठाकरे, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, प्रतिभा चौधरी, रेखा वार्ष्णेय, शीला सागर, डॉ मधुपमा, शीनू गुप्ता, रेखा कशयप, कृष्णा शर्मा, डॉ दुर्गा टंडन, अजय अग्रवाल, भगवती, डॉ ओमेंद्र वार्ष्णेय, मोरमुकुट वार्ष्णेय, आमोद वार्ष्णेय, नरेन्द्र आचार्य, अभिनव शर्मा, दिनेश चीनी, निशान्त शर्मा, नवकान्त शर्मा, अनुराग गर्ग, दीपेश वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय एआर, विनय अग्रवाल, विवेक चौधरी, शशांक वार्ष्णेय, विकास सनातनी, राजीव सक्सेना, मनोज वार्ष्णेय, परमेश्वर लाल सैनी, गुलाब देवी, डॉ टीएस पाल, डॉ सुगंधा सिंह, अंकुर अग्रवाल, मंजू दिलेर, पप्पू चौधरी, उमेश दिवाकर, सतीश अरोड़ा, तरुण नीरज, चंद्रसेन दिवाकर छोटू, विजय यादव, प्रभात अग्रवाल, अमित सक्सेना, पारस अग्रवाल, चरन सिंह, दिलीप गोयल, भूदेव शर्मा, उदय तिवारी, संजीव यादव, अशोक शर्मा, राकेश पाठक, पवन अग्रवाल, संदीप अक्षत, संजय आरओ आदि उपस्थित रहे।

# धर्म और अध्यात्म के साथ माघ मेले में स्वदेशी का भी गूंज रहा है मंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । त्रिवेणी के तट पर लगा आस्था और अध्यात्म का मेला, माघ मेला स्वदेशी और खादी के उत्थान का भी माध्यम बन गया है। माघ मेले में खादी और स्वदेशी उत्पादों के प्रमोशन के लिए लगाई गई संस्थाओं , स्टॉल और प्रदर्शनी में आगंतुकों की संख्या में तेजी से हुई बढ़ोत्तरी से इन उत्पादों को जनता के बीच बेहतर स्वीकृति और साख बन रही है। माघ मेले में धर्म और अध्यात्म के साथ वोकल है लोकल का रंग देखने को मिल रहा है। मेला क्षेत्र में खादी और स्वदेशी के स्टॉल में उत्पादों को लेकर आगंतुकों की रुचि तेजी से बढ़ी है। परेड ग्राउंड में अकेले सात राज्यों से आई खादी की आई संस्थाओं के 350 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। परेड ग्राउंड में उत्तर प्रदेश की मंडलीय खादी एवं खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी परिसर में सुबह से लेकर शाम तक आगंतुकों का तांता लगा हुआ है। प्रदर्शनी प्रभारी जवाहर लाल का कहना है कि इस परिसर में इस वर्ष खादी के 210 स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें कुल 9 राज्यों ने प्रतिभाग किया है। परिसर में इनके 510 से अधिक लोग स्टॉल में अपने खादी उत्पाद लेकर आए हैं। परिसर में प्रतिदिन आठ से दस लाख लोग विजिट कर रहे हैं। दस जनवरी से शुरू हुई इस प्रदर्शनी परिसर में अब तक 2.3 करोड़ की खादी और स्वदेशी उत्पादों की बिक्री हुई है। इस वर्ष खादी के उत्पाद को सबसे अधिक युवा वर्ग खरीद रहा है जिसमें नेहरू जैकेट की मांग सर्वाधिक है।

मेला क्षेत्र में केंद्र सरकार की तरफ से भी अलग से खादी और स्वदेशी का खादी बाजार लगा है। इसमें भी इस वर्ष के माघ मेले का फुटफॉल अच्छा है। प्रदर्शनी प्रभारी केडी मिश्रा बताते हैं कि उनके यहां 7 राज्यों के 55 से अधिक खादी के स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें 19 खादी ग्रामोद्योग की 38 संस्थाएं शामिल हैं। इसमें नागालैंड, झारखंड , उत्तराखंड, बिहार , मध्य प्रदेश, बिहार और चंडीगढ़ शामिल हैं। इस परिसर में प्रतिदिन 40 हजार से अधिक जा फुटफॉल दर्ज किया गया है। 19 जनवरी से शुरू हुई केंद्रीय खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की प्रदर्शनी के परिसर से अब तक 43 लाख की सेल हुई है।

# पाँच दिवसीय पैरासेलिंग एडवेंचर कैंप का भव्य समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनुशासन, साहस और राष्ट्रसेवा की ऊँची उड़ान का सशक्त उदाहरण

प्रयागराज। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में 17 यूपी बटालियन एनसीसी, प्रयागराज द्वारा भारतीय वायु सेना क्षेत्र, फाफामऊ,पड़िला महादेव जी हवाई पट्टी पर आयोजित पाँच दिवसीय पैरासेलिंग एडवेंचर एक्टिविटी कैंप का पाँचवाँ एवं अंतिम दिवस अत्यंत गरिमामय, प्रेरणास्पद एवं ऐतिहासिक रहा।

यह शिविर साहस, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस पाँच दिवसीय एडवेंचर शिविर का उद्घाटन एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कांदिल द्वारा किया गया था।शिविर के समापन अवसर पर कर्नल जी.एस. राघवेंद्र सिंह, उत्तर-पूर्वी भारत उप क्षेत्र, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गौरव प्रदान किया। इस अवसर पर विंग कमांडर देबार्थे धर, जनसंपर्क अधिकारी, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।अपने प्रेरक संबोधन में कर्नल जी.एस. राघवेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार के साहसिक प्रशिक्षण शिविर युवाओं में न केवल शारीरिक एवं मानसिक दृढ़ता विकसित करते हैं, बल्कि उन्हें अनुशासित, आत्मनिर्भर तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक के रूप में गढ़ने का कार्य करते हैं।

उन्होंने कैडेट्स के अनुशासन, उत्साह और साहस की सराहना करते हुए आयोजन से जुड़ी पूरी टीम को बधाई दी।इस पाँच दिवसीय एडवेंचर कैंप में एनसीसी ग्रुप प्रयागराज की कुल आठ बटालियनों के कैडेट्स ने सहभागिता की, जिनमें 15 यूपी बटालियन, 16 यूपी बटालियन, 17 यूपी बटालियन, 6 यूपी गर्ल्स बटालियन, 2 यूपी आर्टी बैटरी, 1 यूपी मेडिकल कंपनी, 1 यूपी नेवल यूनिट एवं 1 यूपी सीटीआर शामिल रहीं।इन बटालियनों के अंतर्गत इलाहाबाद विश्वविद्यालय, नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ लॉ कौशांबी, ईश्वर शरण कॉलेज, अग्रसेन इंटर कॉलेज, राम यश पीजी कॉलेज, नेशनल इंटर कॉलेज कौशांबी, कौशांबी पब्लिक स्कूल, भवन्स मेहता महाविद्यालय, आई.के.एम. इंटर कॉलेज, चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट, ठाकुर हरनारायण सिंह पीजी कॉलेज, इविंग क्रिश्चियन कॉलेज प्रयागराज एवं साकेत पीजी कॉलेज अयोध्या के कैडेट्स ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ साहसिक गतिविधियों में भाग लिया।इस शिविर की कमान 17 यूपी बटालियन एनसीसी, प्रयागराज के लेफ्टिनेंट कर्नल अरविन्द सिंह ने कैंप कमांडेंट के रूप में संभाली। उनके सुदृढ़ नेतृत्व, कुशल प्रशासन एवं अनुशासित संचालन में यह शिविर पूर्णतः सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उनके मार्गदर्शन में कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, निर्णय-क्षमता एवं आत्मविश्वास का उल्लेखनीय विकास हुआ।शिविर के सफल संचालन में चित्रकूट पैराग्लाइडिंग एडवेंचर संस्था के अनुभवी प्रशिक्षकों एवं उनकी टीम का तकनीकी सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा, जिनकी दक्षता एवं सतत निगरानी में सभी गतिविधियाँ उच्चतम सुरक्षा मानकों के अनुरूप संपन्न हुईं। यह पाँच दिवसीय पैरासेलिंग एडवेंचर कैंप एनसीसी के मूल मंत्र ‟एकता और अनुशासन” को साकार करता हुआ राष्ट्र के लिए समर्पित, साहसी एवं सक्षम युवा नेतृत्व के निर्माण की दिशा में एक प्रेरणास्पद मील का पत्थर सिद्ध हुआ।

# भक्ति के मार्ग पर चलकर मनुष्य देवत्व को प्राप्त कर सकता है: गोविंदा चार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मानपुर, सीतापुर। बाबा जगमोहन दास महराज की समाधि स्थल पर हो रही विष्णु महा यज्ञ एवं संत सम्मेलन में दूसरे दिन कथा वाचक गोविंदा चार्य महराज ने भागवत के संस्कृत श्लोको से हिंदी अनुवाद कर भक्तो को कथा का रसपान कराया। उन्होंने एक साधारण बालक से देवर्षि नारद कैसे हुए विस्तृत कथा बताई। उन्होंने कहाश्रीमद्भागवत के अनुसार देवर्षि नारद अपने पूर्वजन्म में एक निर्धन ब्राह्मण स्त्री के पुत्र थे। बाल्यावस्था में ही उन्हें साधु-संतों की सेवा का अवसर मिला। वर्षा ऋतु में कुछ महात्मा चातुर्मास के लिए उनके घर ठहरे। बालक पूरे मनोयोग से उनकी सेवा करता और प्रतिदिन भगवान श्रीहरि की कथा श्रद्धा से सुनता।साधुओं के मुख से निकली भगवद् कथा ने बालक के हृदय में भक्ति का ऐसा बीज बोया, जिसने उसके जीवन की दिशा ही बदल दी। साधुओं के प्रसाद के सेवन से उसका अंतःकरण शुद्ध हुआ और भगवान के प्रति अनन्य प्रेम जाग्रत हो गया।कुछ समय बाद सर्पदंश से बालक की माता का निधन हो गया। इस घटना को उसने ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकार किया और संसार से विरक्त होकर वन की ओर प्रस्थान कर गया। एकांत में ध्यान और भक्ति के मार्ग पर चलते हुए उसे भगवान श्रीहरि के अल्पकालिक दर्शन प्राप्त हुए।भगवान ने उसे आश्वासन दिया कि अगले जन्म में वह उनका परम भक्त बनेगा। इसी भक्ति-बल के प्रभाव से बालक ने देह त्याग किया और अगले जन्म में ब्रह्मा जी के मानस पुत्र के रूप में देवर्षि नारद का अवतार हुआ।देवर्षि नारद को भगवान विष्णु की विशेष कृपा से 'महती वीणा' प्राप्त हुई। यह वीणा केवल संगीत का साधन नहीं, बल्कि भक्ति का माध्यम है। इसके तारों से सदैव 'नारायण-नारायण' का मधुर स्वर गूंजता है, जो तीनों लोकों में भगवान की भक्ति का संचार करता है।देवर्षि नारद का उद्देश्य केवल उपदेश देना नहीं, बल्कि भक्ति मार्ग से जीवों का कल्याण करना है। वे कभी राजाओं के अहंकार को तोड़ते हैं तो कभी ऋषियों को भक्ति का सार समझाते हैं। उनके द्वारा रचित नारद भक्ति सूत्र आज भी भक्ति दर्शन का आधार माने जाते हैं।गोविंदाचार्य ने कहानारद की कथा यह संदेश देती है कि साधु-संग, भागवत श्रवण और निष्काम भक्ति से साधारण जीवन भी दिव्यता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है।

## रेलवे ट्रैक पर पड़ा महिला का शव

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिनावर थाना क्षेत्र के घटपुरी रेलवे स्टेशन और गांव मोहम्मदपुर बिहार के बीच रेलवे ट्रैक पर रविवार को महिला का शव मिलने से सनसनी मच गई। सूचना पर पुलिस व जीआरपी मौके पर पहुंच गई। महिला की पहचान क्षेत्र के ही गांव एसैंता निवासी गायत्री देवी पत्नी लखपत के रूप में हुई है। बताया गया है कि रविवार सुबह सात बजे टनकपुर से अछनेरा को जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हुई। घटना का कारण पता लगाने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## भू-समाधि लेने जा रहे बाबा को थाने ले गई पुलिस

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वजीरगंज गांव सुरसैना निवासी बाबा प्रवेंद्र ने गड्ढा खोदवाकर भू-समाधि लेने की तैयारी शुरू की तो क्षेत्र में व्यापक चर्चा फैल गई। पुलिस मौके पर पहुंची और बाबा को थाने ले गई। वहां परिसर में बने मंदिर में बाबा को बैठा दिया। जहां बाबा समाधि की मुद्रा में मौन धारण किए हुए बैठे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, बाबा प्रवेंद्र गत वर्ष भी समाधि लेने की कोशिश कर चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाबा 41 दिन तक बिना अन्न-जल ग्रहण किए समाधि में बैठते हैं। इधर, थाना प्रभारी ने बताया कि बाबा बिना अनुमति गड्ढा खोदकर भू-समाधि ले रहे थे, जो नियमों के विरुद्ध है। सूचना मिलने पर पुलिस उन्हें थाने ले आई है। बिना प्रशासनिक अनुमति के इस प्रकार की समाधि लेना गैर कानूनी है। फिलहाल, बाबा थाना परिसर के मंदिर में शांति पूर्वक बैठे हुए हैं।

## मशहूर शायर ताहिर फ़राज़ का निधन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** सहसवान घराने के मशहूर शायर ताहिर फ़राज़ का कल रात मुंबई में आकस्मिक निधन हो गया जिससे साहित्य प्रेमियों और सहसवान घराने में शोक की लहर है उस्ताद तालिब सुल्तानी म्यूजिक एकेडमी के सभी सदस्यों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। संस्था सदस्य आमिर सुल्तानी ने कहा कि ताहिर फ़राज़ का जाना साहित्य जगत के लिए एक अपनी अपूर्णीय क्षति है जिसे पूरा नही किया जा सकता उन्होंने अपनी उम्र मे इतनी प्रसिद्धि हासिल की वो अपने आप में बड़ी बात है उनके जाने से हम सब भी स्तब्ध है वह हमारे दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। नितिन गुप्ता ने कहा कि ताहिर फ़राज़ शायरी में अपना और बदायूं का नामविश्व पटेल तक पहुंच चुके थे ऐसे में उनका चले जाना सभी साहित्य प्रेमियों के लिए दुख की बात है और हिंदुस्तानी अदब के लिए भारी नुकसान भी है, इस मौके पर सलिम रियाज़,शाहबाज हुसैन, बब्बू नक़वी,नदीम चौधरी,सरवर अली, ज़ुबैर आरिफ,डॉ सलमान कुतुब,आदिल हुसैन राहुल गुप्ता सैयद सरवर अली गुड्डू अली आदि मौजूद रहे।

## बदायूं क्लब में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बदायूं क्लब के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के पूर्व दिवस पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से कक्षा 12 के विद्यार्थी ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता की। राष्ट्रीय पर्व के प्रति बच्चों में उत्साह देखने लायक था। पोस्टर प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में मदर पब्लिक स्कूल की छात्रा इकरा सैफी प्रथम, इल्या सैफी द्वितीय और श्री कृष्ण इंटर कॉलेज के छात्र रजत प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर वर्ग में श्री कृष्ण इंटर कॉलेज के छात्र अजय मौर्या प्रथम, मदर एथेना स्कूल की छात्रा दीपाली तिवारी द्वितीय एवं मदर एथेना स्कूल की छात्रा वेदांशी पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के रुप में चित्रा कटियार रही। इस अवसर पर डॉ अक्षत अशेष ने कहा कि इन आयोजनों के द्वारा बच्चों को एक अच्छा अवसर मिलता है और साथ ही अपने देश एवं समाज के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विजयी प्रतियोगियों को कल बदायूं क्लब के अध्यक्ष एवं डीएम श्री अवनीश राय द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह में दोपहर 11.45 बजे पुरुस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजन में रविंद्र मोहन सक्सेना, नरेश चंद्र शंखधार, इकबाल असलम, आदित्य श्रोत्रिय सहित विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकायें आदि मौजूद रही।

## अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बदायूँ डा. बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी तथा क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ0 देवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक उझानी के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम हेतु संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग व मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम हेतु अभियान के अन्तर्गत थाना उझानी पुलिस टीम द्वारा रविवार को मुखबिर की सूचना पर बसोमा रोड निकट नवल किशोर पटाखे की दुकान के पास से दो अभि0 गण अतुल कुमार शर्मा पुत्र अरूण कुमार शर्मा उर्फ अन्नू, शिवम भारद्वाज पुत्र भीष्म शर्मा नि0 गण ग्राम रिसौली थाना बिल्सी जनपद बदायूँ को एक गाडी पिकअप, एक किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया तथा उक्त पिकअप को सीज किया गया। वहीं इस सम्बन्ध में थाना उझानी पर बरामद माल व अभि0 के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तगण को उझानी पुलिस ने जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## डीएम ने जनपदवासियों को दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी का दिन हमारे देश के इतिहास में एक अत्यंत गौरवशाली एवं प्रेरणादायक दिवस है। इसी दिन भारत ने अपना संविधान अंगीकार कर स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। हमारा संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का संदेश देता है तथा प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है।जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जनपदवासियों से आह्वान किया कि वे संविधान में निहित मूल्यों को आत्मसात करते हुए देश के विकास, स्वच्छता, शिक्षा, सामाजिक सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने में सक्रिय सहभागिता निभाएँ।

## सोनभद्र में कार पिकअप की टक्कर, तीन की मौत

**सोनभद्र, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में म्योरपुर थाना क्षेत्र स्थित किरबिल गांव में रविवार की शाम कार और पिकअप की टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हैं। कार सवार में सवार लोग जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के लिए रॉबर्ट्सगंज जा रहे थे।थाना प्रभारी राम दशरथ राम ने बताया किइस दुर्घटना में चेतवा गांव संजय (60), सेवका मोड़ निवासी अखिलेश (65) और उनकी पत्नी हीरामनी (55) की मृत्यु हो गई। वहीं, सेवकामोड़ निवासी कार चालक प्रभु और पिकअप वाहन बढ़ोर निवासी चालक मुस्लिम (20) और सहचालक गोविंद घायल हैं।चालक प्रभु ने पुलिस को बताया कि वे सभी लोग कार से राबर्ट्सगंज बर्थडे पार्टी में जा रहे थे। बीजपुरऽमुर्धवा मार्ग पर विषघरवा टोला के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे पिकअप वाहन से टक्कर हो गई।हादसे के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 पर महराजगंज में लोकतंत्र का महापर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। कस्बे के ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी मेला मैदान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र की मजबूती और निष्पक्ष मतदान का संदेश देने के लिए विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने मैदान में बने भारत के विशाल मानचित्र पर मानव श्रृंखला बनाकर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। यह दृश्य पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों एवं आम नागरिकों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान की शपथ दिलाई।लोकतंत्र की आत्मा है मताधिकार : जिलाधिकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी दबाव, लालच या भय के करे। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे न केवल स्वयं मतदान करें, बल्कि अपने परिवार व समाज को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समांमतदाता जागरूकता कार्यक्रम में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, राजाचंदचूर्ण सिंह इंटर कॉलेज, न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित गीत, नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से मतदान के महत्व और जागरूक नागरिक की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

# वंदे मातरम से स्वाधीनता संग्राम में मिली थी ऊर्ज़ा : सर्वेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव । वंदे मातरम के आवाहन ने देशभक्ति की धारा प्रवहित की थी। वन्दे मातरम भारतीयों के स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्र की भावनाओं का नेतृत्व करने वाला मंत्र रहा है। भारत की आत्मा की आवाज के रूप में सुप्रसिद्ध हुआ है वंदे मातरम। स्वाधीनता के आंदोलन में वंदे मातरम प्रभावकारी था ही अब उसकी प्रासंगिकता और गहन हुई है।उक्त विचार प्रभारी निदेशक राष्ट्र धर्म पत्रिका सर्वेश कुमार ने नव वर्ष चेतना समिति द्वारा शहर के स्थानीय मोती नगर में स्थित डायट प्रेक्षागृह में वन्दे मातरम् सार्धशती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बाकिम चन्द्र ने 150 वर्ष पूर्व यह अप्रतिम रचना की थी। बाद में उन्होंने अपने उपन्यास (1882) आनंद मठ में समाहित किया था। स्वाधीनता की लड़ाई में वन्दे मातरम् प्रत्येक गली में गया जाने लगा था। वन्दे मातरम् से स्वाधीनता संग्राम के सेनानियों को बड़ी ऊर्ज़ा मिली थी। 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा में वन्दे मातरम् को अपनाया गया था।नव वर्ष चेतना समिति के सचिव डाक्टर सुनील अग्रवाल ने कहा कि समिति द्वारा भारत के संस्कृति मूल्यों आदर्शों महापुरुषों के लिए लगातार काम किया जा रहा है। समिति के प्रयास से गत वर्षों में सम्राट विक्रमादित्य पर डाक टिकट जारी किया गया था। भातखंडे विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफ़ेसर रंजना द्विवेदी ने कहा वन्दे मातरम् राष्ट्रवाद का प्रतीक है। वन्दे मातरम में पूरे देश को अंग्रेजो की गुलामी से मुक्ति पाने की प्रेरणा दी थी।अरुण कुमार दीक्षित समिति के प्रांतीय सदस्य ने कहा कि हम सब को इतिहास का स्मरण बड़ा बनाता है।

# आत्म-ज्ञान से जागृत होती है अनंत शक्ति: संत प्रवर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। संत प्रवर श्री विज्ञान देव महाराज ने माघमेला क्षेत्र, सेक्टर-6, हरिश्चन्द्र मार्गऽसमयामाई मार्ग चौराहा, उत्तरी झूंसी थाना के पास (प्रयागराज) में आयोजित पंचदिवसीय जय स्वर्वेद कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए।संत प्रवर श्री ने कहा कि यज्ञ, साधना और आत्मचिंतन से व्यक्ति भीतर झांकता है। वाणी, विचार और व्यवहार की शुद्धि से जीवन में शांति आती है, और व्यक्तिगत शांति से ही वैश्विक शांति संभव है।महाराज जी ने दिव्यवाणी के दौरान श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि विहंगम योग के प्रणेता अमर हिमालय योगी अनन्त श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज ने अपनी गहन योग साधना द्वारा ईश्वर की प्राप्ति की एवं इस अतिदुर्लभ विज्ञान को 'स्वर्वेद' नामक अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ के रूप में जनमानस को सुलभ कर दिया। संत प्रवर श्री ने बताया कि स्वर्वेद आध्यात्मिक ज्ञान का चेतन प्रकाश है। जिसके आलोक में अविद्या, अंधकार, मिथ्याज्ञान नष्ट होते हैं। यह हमारी आध्यात्मिक यात्रा को सदैव जागृत रखता है। अशांति एवं वैमनस्य से पीड़ित विश्व मे शांति एवं सौहार्द की स्थापना करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम स्वर्वेद है। इसके पूर्व प्रातः 6:00 से 7:30 बजे तक शारीरिक आरोग्यता के उद्देश्य से आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का सत्र संचालित हुआ, जिसमें उपस्थित योग साधकों ने उदररोग, मधुमेह, सर्वाइकल, माइग्रेन, तनाव एवं अनिद्रा जैसी समस्याओं से निजात पाने के उपयोगी अभ्यास सीखे। दिन में 11 बजे से संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के पावन सान्निध्य में 2100 कुण्डीय विश्वशांति वैदिक यज्ञानुष्ठान सम्पन्न हुआ।यज्ञवेदियों से उठती मंत्रगूँज ने समूचे वातावरण को अध्यात्ममय बना दिया, जहाँ श्रद्धालुओं ने लोककल्याण हेतु यज्ञकुण्डों में आहुतियाँ अर्पित कीं।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नए मतदाताओं का सम्मान जागरूकता रैली का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत प्रयागराज, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में तथा अमृत एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेष सहयोग से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गयादीन विश्वकर्मा इंटरमीडिएट कॉलेज, सोराओं, प्रयागराज में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा युवाओं एवं नए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक और प्रेरित करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे। उन्होंने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा प्रथम बार मतदाता बने युवाओं को टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है और प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है कि वह निर्भीक, निष्पक्ष एवं जिम्मेदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करे।कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में नए मतदाताओं को प्रारूप-6 भरवाया गया, जिससे वे मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझ सकें। इस अवसर पर नए मतदाताओं को मंच से सम्मानित किया गया तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में मतदान करने की शपथ दिलाई गई।इसके उपरांत आयोजित मतदाता जागरूकता रैली में युवाओं, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान ‟मन की बात” का सामूहिक श्रवण भी कराया गया।कार्यक्रम का निर्देशन कर रहीं उपनिदेशक, मेरा युवा भारत प्रयागराज, जागृति पाण्डेय ने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। ट्रस्ट अध्यक्ष तीर्थराज विश्वकर्मा ने लोकतांत्रिक चेतना सुदृढ़ करने में ऐसे कार्यक्रमों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने मतदान अवश्य करने की शपथ ली।

# बीज उत्पादन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर उद्यमी हुए सम्मानित


कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जनपद गोण्डा के बेलसर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम लौव्वा टेपरा के प्रगतिशील किसान एवं उद्यमी कुलदीप मिश्रा को बीज उत्पादन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में अपर प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र कुमार, कृषि निदेशक डॉ.पंकज त्रिपाठी, अपर निदेशक कृषि प्रसार राजेंद्र कुमार सिंह तथा जेडीए फर्टिलाइजर आशुतोष मिश्रा ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर सीईओ कुलदीप मिश्रा ने बताया कि बीते वर्षों में उन्होंने बीज उत्पादन, आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रयोग और किसानों को नवाचार के लिए प्रेरित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया है। उन्होंने वैज्ञानिक पद्धतियों से बीज उत्पादन कर उसकी गुणवत्ता में सुधार किया, जिससे किसानों को बेहतर उत्पादन और अधिक लाभ प्राप्त हुआ। साथ ही उन्होंने आसपास के किसानों को प्रशिक्षण देकर नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।उनके प्रयासों से क्षेत्र में कृषि उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कृषि विभाग ने प्रशस्ति-पत्र के माध्यम से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा जताई कि उनके कार्य अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे। इस सम्मान से जिले के किसानों में उत्साह का माहौल है और इसे कृषि विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# दबंगों ने की रेस्टोरेंट में तोड़फोड़, खाना खा रहे लोगों से की अभद्रता, मालिक से मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित रोडवे ज बस स्टॉप के पास स्वास्तिक रेस्टोरेंट में देर रात हड़कंप मच गया।शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने रेस्टोरेंट में खाना खा रहे लोगों से अभ द्रता की और बाद में मालिक से मारपीट कर तो ड़फोड़ की।मार पीट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसमें साफ देखा जा सकता है कि दबंग किस तरीके से दबंगई कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार,देर रात कुछ युवक नशे की हालत में रेस्टोरेंट के अंदर पहुंचे और वहां मौजूद ग्राहकों से बदसलूकी करने लगे। रेस्टोरेंट मालिक अखिलेश शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह उन्हें समझा-बुझाकर बाह र निकाला।हालांकि, कुछ ही देर बाद वे युवक अपने कई अन्य साथियों के साथ दोबारा रेस्टोरें ट में घुस आए।उन्होंने रेस्टोरेंट मालिक अखि लेश शुक्ला के साथ मारपीट की और काउंटर पर रखे सामान को तोड़ दिया।घटना को अंजा म देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। रेस्टोरेंट मालिक अखिलेश शुक्ला ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शराब के नशे में आए इन लोगों ने पहले ग्राहकों से अभद्रता की और फिर उनके साथ मारपीट व तोड़फोड़ की।मार पीट की पूरी घटना का वी डियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है,जो अ ब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वायरल सीसीटीवी फुटेज और दी गई तहरीर के आधार पर गोंडा की नगर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।गोंडा नगर कोतवा ल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस वायरल सीसीटीवी और प्राप्त तहरीर के आधार पर जांच कर रही है।जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।



## एसएसबी ने चलाया संडे ऑन साइकिल अभियान*

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के विशेष साझेदार के रूप में रविवार को 59वीं एवं 42वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा संयुक्त रूप से संडे ऑन साइकिल अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह फिटनेस अभियान 59वीं वाहिनी मुख्यालय नानपारा तथा अधीनस्थ सीमा चौकियों पर आयोजित हुआ, जिसमें दोनों वाहिनियों के अधिकारी एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान का उद्देश्य कार्मिकों में शारीरिक सुदृढ़ता, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देना रहा। साइक्लिंग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित व्यायाम का संदेश दिया गया।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्ष ण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना खरगूपुर पुलिस ने पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार किया है।बतात है कि 23 जनवरी को सुबह करीब 9 बजे थाना खरगूपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भयक पुरवा भोला जोत में घरेलू विवाद के दौरान बाबू लाल पुत्र राम मगन ने अपनी पत्नी रेनूश् पर घर में रखे फावड़े से सिर व पीठ पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। मृतका के पिता राम सेवक पुत्र हरिद्वार की लि खित तहरीर के आधार पर थाना खरगूपुर में सु संगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने घटना को गंभीरता से लेते हुए नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन कर प्रभारी नि रीक्षक खरगूपुर को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए थे। पुलिस टीमों के द्वारा आरोपी हत्याभियुक्त बाबूलाल पुत्र राममगन को भयकपुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर किया है गिरफ्तार अभि युक्त के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा अ ग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को किया गया सम्मानित

**सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद में आयोजित हुआ वृहद जन जागरूकता कार्यक्रम**

**कलेक्ट्रेट परिसर से निकाली गई बाइक रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,भारत में हर साल पच्चीस जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिये क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है इसलिये हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है भारत में जितने भी चुनाव होते हैं उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग की होती है भारत निर्वाचन आयोग का गठन भारतीय संविधान के लागू होने से एक दिन पहले पच्चीस जनवरी 1950 को हुआ था क्योंकि छब्बीस जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बनने वाला था और भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग का गठन जरूरी था इसलिए 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ।जनपद अमेठी में विविध जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता हेतु निकाली गई बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा गुब्बारे व शांति प्रतीक कबूतर उड़ाया गया।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बेसिक माध्यमिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं, छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, मतदाता जागरूकता गीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया साथ ही मतदाता जागरूकता को लेकर वृहद रंगोली भी बनाई गई एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर जन सामान्य को आगे आने वाले सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं पहली बार मतदाता बने युवाओं को ईपिक कार्ड वितरित किया साथ ही वरिष्ठ मतदाताओं को अंग वस्त्र व पुष्प देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से आगे आने वाले सभी निर्वाचनों में बिना किसी भेदभाव किए अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आवाह्न किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव, नीतेश राज, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी, स्वीप आईकॉन रुचि सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, छात्र छात्राएं व जन सामान्य मौजूद रहे।

# अमेठी टीचर प्रीमियर लीग का शुभारम्भ मैच संग्रामपुर की टीम ने जीता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने फीता काट कर किया उदघाटन




अमेठी । बेसिक शिक्षा परिषद के आधीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक व कर्मचारियों की विगत तीन वर्षों से हो रही अमेठी टीचर प्रीमियर लीग के सीजन चार का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा किया गया इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुये फीता काट कर क्रिकेट के शॉट खेल कर लीग का शुभारम्भ किया गया।अमेठी टीचर प्रीमियर लीग के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बताया कि अमेठी टीचर प्रीमियर लीग में कुल तेरह विकास क्षेत्र की टीम में प्रतिभाग कर रही है। शुभारम्भ में संग्रामपुर व मुसाफिरखाना के बीच में खेला गया। मुसाफिरखाना की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी को चुना मुसाफिरखाना ने पहले ओवर में खेल पहले बल्लेबाजी करते हुए अजय सत्रह, सुधीर सोलह प्रभात सिंह सत्रह रन की बदौलत दस ओवर में नब्बे रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें संग्रामपुर की तरफ से लालजी सरोज एक विकेट, विकास ने दो विकेट लिये।जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे संग्रामपुर की तरफ से ओपनर जोड़ी विकास गुप्ता और अनिल यादव ने संभल कर खेलते हुये विकास गुप्ता ने शानदार बत्तीस गेंद पर चौवन रन और अनिल यादव ने बत्तीस रन बनाये और अंत तक डटे रहे।मुसाफिरखाना की गेंदबाजों ने काफी प्रयास के बावजूद भी ओपनिंग जोड़ी को तोड़ नहीं सके और संग्रामपुर ने यह मैच आखिरी ओवर में विकास गुप्ता के छक्के की बदौलत दस विकेट से जीत लिया।बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार विकास गुप्ता को बेस्ट बालर का पुरस्कार लाल जी सरोज को तथा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ग्राम प्रधान बृजेश मिश्र राजापुर कौहर के द्वारा विकास गुप्ता को प्रदान किया गया।संग्रामपुर कप्तान रमेश सिंह व मुसाफिरखाना कप्तान अमरेश रहे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विवेक शुक्ला, कमला शंकर दुबे, बृजेश मिश्रा,आलोक तिवारी,अश्वनी द्विवेदी, परमानंद पाण्डेय, मोहम्मद असगर,मंसाराम मौर्य,राकेश मिश्रा, विकास तिवारी,नीरज पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, आशुतोष,अमन अभिषेक, सत्येंद्र तिवारी, महेंद्र सिंह,चंदन शुक्ला,योगेंद्र जितेंद्र नवनीत आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ बाइक सवार युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने गैर जनपद के बाइक सवार एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्र में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटर साइकिल संख्या यूपी 44 बी वी 2090 सवार शिवांक प्रताप सिंह पुत्र भानु प्रताप सिंह निवासी ग्राम वैश का पुरवा मजरा नौगवां थाना कुड़वार जनपद सुल्तानपुर उम्र बीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे एक अदद तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा नही सका। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## तेज रफ्तार डम्फर और ट्रक की टक्कर में चालक की मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज राष्टीय राजमार्ग पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा त्रिसुंडी के निकट देर रात तेज रफ्तार और अनियंत्रित डंपर ने चलते ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें ट्रक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के त्रिसुंडी स्थित बैंक आफ बड़ौदा के निकट शनिवार की देर रात करीब बारह बजे डम्फर और ट्रक की टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कार्य शुरू कराया गया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गैस कटर की मदद से ट्रक का गेट काटकर चालक को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।मृतक की पहचान सोनू चौहान उम्र करीब चालीस वर्ष निवासी जनपद अयोध्या के रूप में हुई है। घटना के बाद हाइवे पर कुछ समय के लिये यातायात बाधित रहा जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सुचारू कराया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और हादसे की सूचना ट्रक मालिक को दे दी गई थी जिसके बाद उनकी दूसरी गाड़ी भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य में सहयोग किया गया।पुलिस ने डम्फर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राम गोपाल त्रिपाठी गरीबों शोषितों और वंचितों के रहे मसीहा : दिनेश प्रताप सिंह

## दयानंद इण्टर कालेज गोकुला के प्रांगण में मूर्ति अनावरण समारोह में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई के दयानंद इंटर कालेज गोकुला के प्रबंधक रहे स्व.रामगोपाल त्रिपाठी की मूर्ति अनावरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कृषि एवं उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि स्व. राम गोपाल त्रिपाठी के व्यक्तित्व चरित्र और उनके पदचिन्हों पर हम सबको चलना चाहिये और उनके तखत पर बैठने वाला आम जनमानस अपने आप को सुरक्षित महसूस करता था। कृषि एवं उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उनके कार्यों को भुलाया नही जा सकता है और रायबरेली अमेठी सुल्तानपुर प्रतापगढ़ और बाराबंकी तक के लोग उनके अनुयायी थे इसलिये रायबरेली शहर में भी एक ऐसा ही आयोजन होना चाहिये जिससे साल में कम से कम दो बार



उनको याद किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम में दलीय बंधन तोड़कर लोग शामिल हुये हैं यह उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है वह गरीबों शोषितों और वंचितों के मसीहा थे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि एवं उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, ऊंचाहार के विधायक मनोज पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि सहित अन्य तमाम अतिथियों ने स्वर्गीय राम गोपाल त्रिपाठी के जीवन चरित्र पर आधारित एकश्रद्धा सुमन पत्रिका का विमोचन कर कार्यक्रम को सम्बोधित भी किया।भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनके पास आता था तो हर संभव मदद के लिये वे हमेशा तत्पर रहते थे।दयानंद इण्टर कालेज के प्रबंधक सुनील कुमार त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य राम अवध राम ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम कल्प तिवारी ने किया।इस मौके पर पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी,नगर पंचायत हैदरगढ़ के अध्यक्ष आलोक तिवारी, नदीम अशरफ जायसी,राजेश विक्रम सिंह,उमा शंकर पाण्डेय, प्रदीप सिंघल, श्रीकृष्ण मिश्रा उसरहा,सुरेंद्र सिंह दाढ़ी, देवी शरण बाजपेई, कर्ण बाजपेयी, राजेश पाण्डेय, सुनीता सिंह, शिव शरण मिश्रा, भवानी दत्त दीक्षित,राज कुमार तिवारी, प्रमोद त्रिपाठी, विनोद मिश्रा, संतोष तिवारी, बबलू मिश्रा,राहुल पाठक, रमेश पासी, पंकज अवस्थी,सुनील पासी, अनिल बाजपेई, श्रीकांत त्रिपाठी सहित अन्य तमाम लोग गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# संगठन विस्तार के साथ सम्मान समारोह, पीआरपीएस एमडी अमित मिश्रा को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर के होटल में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश द्वारा संगठन के विस्तार और सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने की इस दौरान पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज आफ फार्मेसी के एमडी अमित मिश्रा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है मेरठ में संगठन को मजबूत करने और सक्रिय कार्यशैली के लिए जिलाध्यक्ष और स्वास्थ्य और समाज सेवा में बेहतर योगदान के लिए अमित मिश्रा को सम्मानित किया गया इसी क्रम में पूरनपुर इकाई की टीम ने भी उनका उत्साहवर्धन करते हुए सम्मान किया समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने कहा कि व्यापारी ही संगठन की असली ताकत हैं। जब व्यापारी संगठन के साथ खड़े होते हैं तो संगठन की शक्ति दोगुनी हो जाती है उन्होंने कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल सेवा भाव से काम करता है और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहता है उन्होंने कहा कि नेता चुनाव के समय आते हैं और बाद में अपने स्वार्थ में व्यापारियों को पीछे चलाने का प्रयास करते हैं, लेकिन संगठन हमेशा व्यापारियों के साथ खड़ा रहता है व्यापार हमारे बच्चों का भविष्य है, यदि हम अपने व्यापार और संगठन के लिए समय नहीं निकालेंगे तो सब कुछ व्यर्थ हो जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीलीभीत और लखीमपुर में उनके 82 डीलर हैं, इसके बावजूद जब भी व्यापार मंडल की बात आती है तो वह आधी रात भी संगठन के लिए खड़े रहते हैं उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी भी तरह की दलाली या गलत कार्य से जुड़े व्यापार में शामिल नहीं हैं और पूरी ईमानदारी के साथ संगठन की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने सभी व्यापारियों से संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी व मेडिकल हॉस्पिटल के एमडी अमित मिश्रा ने व्यापारियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने और मजबूती से अपने अधिकारों के लिए खड़े रहने का संदेश दिया वहीं नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने व्यापार मंडल की उपलब्धियों और व्यापारी हित में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। इस दौरान समाज से भी जैगम कहां के बेटे अरमान और बाबर को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, अमित मिश्रा, विशाल शर्मा, रवि जायसवाल, गुंजन सक्सेना, समाजसेवी जैगम खान, सलमान खान, समीर बरकाती, अखिलेश शर्मा, त्रिभुवन शर्मा एडवोकेट, गौरव गुप्ता, नितीश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

## क्षेत्राधिकारी पूरनपुर और सीमा पर तैनात एसएसबी ने नेपाल एपीएफ के साथ सीमा पर किया ज्वाइंट पेट्रोलिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया व माधोटांडा थाना प्रभारी अशोक पाल और भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों ने एपीएफ नेपाल के जवानों के साथ ज्वाइंट पेट्रोलिंग की कंपनी के कमांडर के अगुवाई में दोनों देशों के जवानों ने बॉर्डर पिलर पर फ्लैग मार्च करते हुए नो मेंस लेंड,पीलर और सब पीलर की जांच की तथा सीमा की सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की फ्लैग मार्च के दौरान जावनों ने सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों से बातचीत करते हुए सीमा पर असामाजिक तत्वों तथा गलत गतिविधियों को रोकने में सहयोग की अपील की और कहा की कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत नजदीक के कैम्प में सूचना दें ज्वाइंट पेट्रोलिंग के बाद सीओ ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वैसे तो दोनों देशों के जवानों द्वारा ज्वाइंट पेट्रोलिंग एक रूटीन वर्क में शामिल है। लेकिन गणतंत्र दिवस के मद्देनज़र भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। बॉर्डर क्षेत्र के आस पास बसे आम लोगों से मिलकर बातचीत करते हुए सीमा पर चल रही गतिविधि की जानकारी ली तथा लोगों के बीच सुरक्षा का भाव भी पैदा किया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देश पर सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ताकि राष्ट्रीय पर्व में कोई व्यवधान न पड़े गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत बॉर्डर पर 'हाई अलर्ट' घोषित है। पेट्रोलिंग के दौरान अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में आवागमन करने वाले व्यक्तियों की गहनता से चेकिंग की अवैध तस्करी, विशेषकर नशीले पदार्थों और हथियारों की आवाजाही रोकने के लिए खुफिया तंत्र सक्रिय किया गया है। साथ ही सीमा पार करने वालों के पहचान पत्रों का बारीकी से सत्यापन भी किया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने जवानों को निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए जंगलों और कच्चे रास्तों पर भी गश्त बढ़ाई गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### भरतपुर ग्राम पंचायत में मनाया गया ॒जल अर्पण कार्यक्रम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप विकास खंड अमरिया की ग्राम पंचायत भरतपुर में ॒जल अर्पण कार्यक्रम ॒ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, जल जीवन मिशन से संबंधित समस्त अधिकारी, ग्राम प्रधान और ग्रामवासी उपस्थित रहे। अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत भरतपुर में जल जीवन मिशन॒ योजना के अंतर्गत पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा ग्राम में नियमित जलापूर्ति प्रारंभ की जा चुकी है। कार्यक्रम में विधायक द्वारा टंकी के पानी के फायदे एवम जल संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामवासियों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया और अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने जरूरतमंद व्यक्तियों को कम्बल वितरित किए। इसके साथ ही जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा पौधारोपण किया गया हैं।

### दुर्घटना में बाल बाल बचे सपा के नगर अध्यक्ष दूसरी गाड़ी को बचाने के चक्कर में कार पेड़ से टकराई

पीलीभीत।देर रात्रि वाइफरकेशन सड़क पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। सामने से आ रही तेज रफ्तार एक अन्य कार को बचाने के प्रयास में समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष पूरनपुर हाजी लाडले की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रविवार शाम करीब चार बजे सपा नगर अध्यक्ष हाजी लाडले ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह कार से आ रहे थे। इसी दौरान सामने से अचानक दूसरी कार तेज गति में आ गई। टक्कर से बचने के लिए उन्होंने अपनी कार को साइड में उतार दिया, लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण वाहन सीधे पेड़ से जा भिड़ा। टक्कर काफी जोरदार थी, जिससे कार छतिग्रस्त हो गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत मदद की। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई गंभीर चोट नहीं आई और वह सुरक्षित रहे।

### यूजीसी के नियमों के विरोध में 27 जनवरी को प्रदर्शन का गौ सेवा जिला प्रमुख ने किया ऐलान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूजीसी के कथित नए निर्देशों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। रविवार शाम चार बजे राष्ट्रीय बजरंग दल पूरनपुर के गौ सेवा ज़िला प्रमुख ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया ने इन नियमों को भेदभावपूर्ण बताते हुए विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। उनका कहना है कि प्रस्तावित एंटी डिस्क्रिमिनेटरी नियमों से शिक्षकों और विद्यार्थियों पर एकतरफा कार्रवाई का खतरा बढ़ेगा, जिससे शैक्षिक माहौल प्रभावित होगा। संगठन ने 27 जनवरी को सुबह 10 बजे स्टेशन चौराहा से तहसील परिसर तक विरोध यात्रा निकालने और एसडीएम पूरनपुर को ज्ञापन सौंपने की घोषणा की है। प्रदर्शन में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

### रास्ते को लेकर विवाद, पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किरन विहार कॉलोनी में रविवार दोपहर करीब 12 बजे रास्ते को लेकर विवाद हो गया। विवाद की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों पक्षों को कोतवाली लेकर आई, जहां मामले को लेकर पूछताछ की गई। मिली जानकारी के अनुसार यूके बैटरी वाले उमर खान ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्रवधू के नाम किरन विहार कॉलोनी के पास ही एक खेत स्थित है। उक्त खेत तक आने-जाने के लिए वर्षों से एक रास्ता चला आ रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों ने पड़ोस की जमीन पर कॉलोनी काट दी है और उसमें उस रास्ते की भी बिक्री कर दी गई, जो खेत तक पहुंचने का एकमात्र साधन था। रास्ते की बिक्री हो जाने से अब पीड़ित पक्ष का खेत पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा। उमर खान का कहना है कि जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने रास्ते पर किए जा रहे निर्माण कार्य पर आपत्ति जताई और काम रुकवाने का प्रयास किया। इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का जायजा लिया और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया और पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली लेकर आई, जहां उनसे संबंधित कागजात और बयानों के आधार पर जांच की जा रही है।

उमर खान ने बताया कि यदि रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया तो केवल उनकी पुत्रवधू ही नहीं, बल्कि मंदीप कौर, सर्वजीत, डाली देवी, मोहम्मद रजा सहित लगभग दस लोगों का आवागमन बंद हो जाएगा। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### तहसील से राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता रैली, मतदान के प्रति किया गया प्रेरित

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार सुबह तहसील परिसर से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ सुबह लगभग 11 बजे एसडीएम अजीत प्रताप सिंह एवं नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली तहसील परिसर से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस तहसील पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। रैली में विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के हाथों में ॒पहले मतदान, फिर जलपान॒, ॒मेरा वोट, मेरी ताकत॒, ॒लोकतंत्र की शान, मतदान हमारी पहचान॒ जैसे नारे लिखी तख्तियां थीं। छात्र-छात्राओं ने पूरे मार्ग में नारे लगाकर आमजन को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह बिना किसी दबाव और प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे स्वयं मतदान करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। नायाब तहसीलदार ने कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखता है। मतदाता दिवस का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि उनका एक वोट देश की दिशा और दशा बदल सकता है। रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हर चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाए और जिन लोगों की उम्र 18 वर्ष हो चुकी हैं, वह अपना वोट अवश्य बनवाए। कार्यक्रम के दौरान तहसील के कर्मचारी, शिक्षकगण तथा स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। रैली के शांतिपूर्ण समापन के बाद सभी प्रतिभागियों को मतदान की शपथ दिलाई गई हैं।

# घायल बिटिया के इलाज के लिए सपा नेता ने दी आर्थिक मदद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। वैदहा में हुए दर्दनाक ट्रैक्टर हादसे में दो मासूम छात्राओं की मौत और एक गंभीर रूप से घायल होने के बाद समाजवादी पार्टी ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए त्वरित आर्थिक मदद पहुंचाई है। सपा नेता जिलाध्यक्ष विपिन प्रकाश सिंह 'दीपक' रविवार को जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव के साथ वैदहा पहुंचे, यहां उन्होंने मृतक आनवी तिवारी और प्रियदर्शिनी तिवारी के परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घायल प्रशाली तिवारी जो वर्तमान में लखनऊ के केजीएमयू में इलाजरत हैं के बेहतर इलाज के लिए तत्काल 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। विपिन प्रकाश सिंह ने परिवारों को भरोसा दिलाया कि प्रशाली का इलाज चाहे लखनऊ में जारी रहे या दिल्ली के किसी बड़े अस्पताल में शिफ्ट करना पड़े, पूरा खर्च वे



खुद उठाएंगे। उन्होंने कहा, ॒यह छोटी-सी मदद है, लेकिन भविष्य में वे बेटियों के परिवार का दर्द समझते हुए उनके साथ खड़े हैं। इलाज में कोई कमी नहीं आने देंगे। यह मदद सदमे में डूबे परिवारों के लिए बड़ी राहत है। गौरतलब हो कि विगत 18 जनवरी को हादसे में स्कूटी सवार तीन छात्राओं को मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने कुचल दिया था, जिसमें आनवी (16 वर्ष, कक्षा 11) और प्रियदर्शिनी (14-16 वर्ष, कक्षा 8) की मौत हो गई थी, जबकि प्रशाली (19 वर्ष) गंभीर घायल हैं। परिवारों ने सपा नेता की इस संवेदनशील पहल की सराहना की है। गांव में अभी भी शोक का माहौल है, लेकिन इस मदद से पीड़ितों को कुछ सहारा मिला है।

### हाई वोल्टेज झटका मशीन की चपेट में आने से किसान की मौत

लम्भुआ/सुलतानपुर। थाना लम्भुआ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देलहाँ, पोस्ट गावपुर निवासी जब्बार पुत्र खैराती की हाई वोल्टेज झटका मशीन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज न होने से पीड़ित परिवार में रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब्बार शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे घर से घास काटने के लिए निकले थे। इसी दौरान गांव के ही गया प्रसाद व राजेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा दशरथ सिंह के खेत में लगाए गए हाई वोल्टेज झटका मशीन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में उन्हें लम्भुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाना लम्भुआ में तहरीर देकर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि घटना को एक दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस द्वारा अब तक थ्प्त दर्ज नहीं की गई है।

# सपा की सम्मान जागरण यात्रा का दूसरा चरण शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। पूर्व विधायक अनूप संडा 188 सुल्तानपुर के नेतृत्व में सैकड़ो समाजवादी कार्यकर्ताओं के साथ शांति, सद्भाव, सशक्त लोकतंत्र,सामाजिक न्याय तथा डॉक्टर अंबेडकर के विचारों को घर-घर पहुंचने का संकल्प लेते हुए पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान पदयात्रा के दूसरे चरण का शुभारंभ हुआ। पदयात्रा के द्वितीय चरण में विधानसभा 188 के जयसिंहपुर तथा कूरेभार ब्लॉक में लगभग 100 किलोमीटर भ्रमण होगा। यात्रा का शुभारंभ समाजवादी पार्टी सुल्तानपुर के जिला अध्यक्ष रघुवीर यादव एवं महासचिव द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यात्रा के प्रारंभ में लोकतंत्र की मजबूती तथा सामाजिक न्याय एवं समरसता स्थापित करने के लिए संघर्ष का संकल्प करते हुए पूर्व विधायक एवं प्रवक्ता अनूप संडा ने कहा कि पीडीए समाज को सम्मान एवं न्याय दिलाने के




लिए जागरूकता एवं संघर्ष की आवश्यकता है आम आदमी समृद्धि एवं सुरक्षित तभी होगा जब प्रदेश में शांति एवं सद्भाव हो। परंतु वर्तमान भाजपा सरकार आम जनमानस व्यापारियों किसानों एवं महिलाओं तथा पीडीए समाज का उत्पीड़न एवं दोहन कर रही है इसलिए समाजवादी कार्यकर्ता पदयात्रा के माध्यम से संविधान एवं सम्मान को बचाने हेतु, एसआईआर प्रक्रिया के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा फ़ॉर्म 6 के माध्यम से लोगों को नए वोट जोड़ने हेतु प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। यात्रा में शामिल समाजवादी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश जनवादी गीतों एवं नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित कर रहे हैंपीडीए जागरण एवं सम्मान यात्रा के स्वागत में डाकखाना चौराहे पर नदीम और धर्मेंद्र राजू चौधरी व विकास चौरसिया, नॉर्मल चौराहे चौराहे पर इरफान पिंटू, शारिक कुरैशी, गार्डन व्यू होटल पर जयंत द्विवेदी, घेर्राऊ मार्केट में बुद्धू चाचा लोलेपुर तबरेज भाई की दूकान पर शाहिद भाई, इस्मत भाई, कमनगढ़ में सानू प्रधान, जयप्रकाश चौरसिया, सिरवारा प्रथम में मोटे भाई, महमूद भाई, सिरवारा द्वितीय में सलमान भाई फतेपुर में भारत यादव, रामनायक यादव, मनोज यादव, पठानीपुर में सोनू पूर्व प्रमुख, वारिस भाई, राजापुर में मुजम्मिल भाई, आदिल भाई, अल्तमश भाई, हरिहरपुर ग्राम से रेशमा वर्मा, शिवगढ़ अनीता पाल, ननका यादव, सूरजकली, इंद्रावती जानकी आदि भाग ले रही हैं।

## सम्पादकीय

# अर्थव्यवस्था व सेहत पर घातक असर

दावोस में हाल ही में संपन्न वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भारतीय अर्थव्यवस्था की चर्चा के दौरान यह बात शिद्दत से उठी कि भारत पर ट्रंप के टैरिफ के मुकाबले प्रदूषण ज्यादा घातक असर दिखा रहा है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफ़ेसर और आईएमएफ की पूर्व डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने इकोनॉमिक फोरम में चर्चा के दौरान कहा कि व्यापार बढ़ाने की कवायद में अकसर व्यापारिक बाधाओं और नियमों की बात की जाती है, लेकिन आर्थिक तरक्की में बाधक प्रदूषण जैसे घटकों की चर्चा कम ही होती है। चर्चा में भारत में प्रदूषण की भयावहता का जिक्र करते हुए कहा गया कि भारत पर ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के मुकाबले प्रदूषण का असर ज्यादा घातक व दूरगामी है। फोरम में साल 2022 में विश्व बैंक के एक अध्ययन का हवाला दिया गया कि भारत में हर साल सत्रह लाख लोगों की मौत प्रदूषण से हो जाती है। ये आंकड़ा भारत में मरने वालों का अट्ठारह फीसदी बैठता है। जो कहीं न कहीं आर्थिक गतिविधियों को बाधित करने के साथ ही बहुमूल्य जीवन भी लीलता है। कमोबेश यह घातकता जीडीपी पर भी असर डालती है। निस्संदेह, प्रदूषण से होने वाली मौतों से केवल एक परिवार ही नहीं, पूरे देश पर प्रभाव पड़ता है। देश की श्रम शक्ति का ह्रास होता है और आर्थिकी पर दूरगामी प्रभाव होते हैं। वहीं आर्थिकी पर चर्चा के दौरान यह मुद्दा भी उठा कि प्रदूषण के चलते निवेशकों के भरोसे पर भी दुष्प्रभाव होता है। इससे निवेशकों का आकर्षण कम होता है। निस्संदेह, निवेशक के मन में भय होता है कि यदि वह इसी प्रदूषित वातावरण में रहता है तो यह उसके लिये यह घातक हो सकता है। इसमें दो राय नहीं कि प्रदूषण की भयावह स्थिति दुनिया में किसी भी देश की छवि को नुकसान जरूर पहुंचाती है। जिससे निवेशक बेहतर विकल्प की तलाश में अन्य देशों का रुख कर सकते हैं। ऐसे में प्रदूषण के संकट को युद्धस्तर पर निपटाने की जरूरत महसूस की जा रही है। निस्संदेह, भारत में प्रदूषण का संकट एक यथार्थ है। यह भी हकीकत है कि देश के नीति-नियंता प्रदूषण संकट के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आते। जब-जब प्रदूषण संकट गहराता है तो आग लगने पर कुआं खोदने की कवायद की जाती है। कोर्ट की फटकार व नियामक एजेंसियों की सख्ती के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आता है। लेकिन गीता गोपीनाथ के तर्कों के कुछ अर्धसत्य भी हैं। इसमें दो राय नहीं कि अमेरिका के इशारे पर काम करने वाली वैश्विक एजेंसियां विकासशील देशों को लेकर अपनी सुविधा के हिसाब से प्रतीक-प्रतिमान गढ़ती रही हैं। आईएमएफ जैसी संस्थाओं को अमेरिकी कूटनीति के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। यहां तक कि इन संस्थाओं में उच्च पदों पर बैठे भारतीय अधिकारी भी अमेरिका के सुरों में गाते नजर आते हैं। सवाल गोपीनाथ के बयान के समय का भी है जब अमेरिका न केवल भारत पर अन्यायपूर्ण टैरिफ लगा रहा है बल्कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते को भी अपनी शर्तों के अनुरूप अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है। बहरहाल, इसके बावजूद यह एक हकीकत है कि हमारे देश में प्रदूषण संकट बड़ा है, जिसे देश के नीति-नियंता गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिसके चलते करोड़ों भारतीयों को अपनी जमा-पूंजी अपने व परिवार के उपचार में खर्च करनी पड़ती है। निस्संदेह, प्रदूषण के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्रवाई करने की जरूरत है। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कानूनों को सरल बनाने की भी जरूरत है ताकि उन पर अमल आसानी से हो सके। इसके अलावा लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि देश की आबोहवा सुधारने के लिये उन्हें भी कुछ त्याग करने होंगे। उन्हें अपनी विलसिता की जीवन शैली में बदलाव लाकर आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुधारना होगा।

# गणतंत्र का संधान : संकल्प और चुनौतियाँ

**गणतंत्र दिवस पर विशेष**

सन 1947 में स्वतंत्रता मिलने के बाद यह आकांक्षा 26 जनवरी 1950 को मूर्त आकार पाई जब देश ने संविधान को अपनाया था। राष्ट्र नायकों के मन में एक ऐसे गणतंत्र की छवि थी जो समाज में व्याप्त असमानताओं, ग़रीबी और अशिक्षा को दूर कर हाशिये पर स्थित उपेक्षितों को आगे ले चलने के साथ समग्र उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सके। इसकी पृष्ठभूमि में सर्वोदय की गूंज थी और संविधान उसका उपकरण समझा गया था। महान जननायक महात्मा गांधी के सपनों के अनुरूप देश में समरसता, समावेशिता, समानता, बंधुत्व और समता ले आने के प्रति जागरूक प्रतिबद्धता संविधान का मुख्य स्वर बना था। इस उद्देश्य से व्यवस्था के खाके को लेकर संविधान सभा में देश के प्रतिनिधियों के बीच लंबा और गहन विचार-विमर्श हुआ था। अंत में लोकतंत्र में सबका विश्वास और भी दृढ़ हुआ। फलतः अंग्रेज़ों के जाने के बाद स्वतंत्र देश ने शासन के लिए गणतंत्र की पद्धति को चुना गया। इसके तहत एक संघीय ढाँचा सोचा गया और उसके संचालन के लिए एक अत्यन्त विस्तृत लिखित संविधान भी रचा गया और उसे विधिवत अपनाया गया। यह सब बड़े अनुशासन के साथ हुआ। निश्चय ही ये नेता दूरदर्शी थे और उन्होंने बहुत हद तक भविष्य की चुनौतियों का भी अनुमान लगाया था और उसे ध्यान में रखते हुए जरूरी प्रावधान भी किए थे। शासन की दृष्टि से संविधान की गरिमा स्थापित करते हुए क़ानूनी रूप से उसे निर्णायक दर्ज़ा दिया गया। आज भी सरकार चलाने वाले मंत्री और अधिकारी गण अपना दायित्व संभालने के पहले इस संविधान के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता की शपथ लेते हैं। भारतीय संविधान ही सब तरह से सर्वोपरि स्वीकार किया गया।

भारत को अंग्रेज़ों के लंबे औपनिवेशिक आधिपत्य से स्वतंत्र कराने की लड़ाई के बीच भारत के तत्कालीन नेताओं ने देश के भविष्य का स्वप्न देखते हुए पूर्ण स्वराज्य की माँग की। इसके लिए संघर्ष हुआ अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध जन आक्रोश और आंदोलन चला। अनेक वीर शहीद हुए। विभाजन की विभीषिका में लाखों लोग मारे गए और जान-माल की अपरिमित हानि हुई। इन सबके बीच गणतंत्र का स्वप्न केवल राजनैतिक सत्ता-परिवर्तन तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि इसमें आर्थिक, सामाजिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय सभी दृष्टियों से देश में स्वराज की ओर अग्रसर होने की तीव्र आकांक्षा भी हिलोरें ले रही थी। सन 1947 में स्वतंत्रता मिलने के बाद यह आकांक्षा 26 जनवरी 1950 को मूर्त आकार पाई जब देश ने संविधान को अपनाया था। राष्ट्र नायकों के मन में एक ऐसे गणतंत्र की छवि थी जो समाज में व्याप्त असमानताओं, ग़रीबी और अशिक्षा को दूर कर हाशिये पर स्थित उपेक्षितों को आगे ले चलने के साथ समग्र उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सके। इसकी पृष्ठभूमि में सर्वोदय की गूंज थी और संविधान उसका उपकरण समझा गया था। महान जननायक महात्मा गांधी के सपनों के अनुरूप देश में समरसता, समावेशिता, समानता, बंधुत्व और समता ले आने के प्रति जागरूक प्रतिबद्धता संविधान का मुख्य स्वर बना था। इस उद्देश्य से व्यवस्था के खाके को लेकर संविधान सभा में देश के प्रतिनिधियों के बीच लंबा और गहन विचार-विमर्श हुआ था। अंत में लोकतंत्र में सबका विश्वास और भी दृढ़ हुआ। फलतः अंग्रेज़ों के जाने के बाद स्वतंत्र देश ने शासन के लिए गणतंत्र की पद्धति को चुना गया। इसके तहत एक संघीय ढाँचा सोचा गया और उसके संचालन के लिए एक अत्यन्त विस्तृत लिखित संविधान भी रचा गया और उसे विधिवत अपनाया गया। यह सब बड़े अनुशासन के साथ हुआ। निश्चय ही ये नेता दूरदर्शी थे और उन्होंने बहुत हद तक भविष्य की चुनौतियों का भी अनुमान लगाया था और उसे ध्यान में रखते हुए जरूरी प्रावधान भी किए थे। शासन की दृष्टि से संविधान की गरिमा स्थापित करते हुए क़ानूनी रूप से उसे निर्णायक दर्ज़ा दिया गया। आज भी सरकार चलाने वाले मंत्री और अधिकारी गण अपना दायित्व संभालने के पहले इस संविधान के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता की शपथ लेते हैं। भारतीय संविधान ही सब तरह से सर्वोपरि स्वीकार किया गया। यह गौरव का विषय है कि तमाम विघ्न बाधाओं के बीच आधुनिक गणतंत्र के रूप में देश पचहत्तर वर्षों की यात्रा पूरा कर आगे बढ़ रहा है। भारत विश्व में सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश बन चुका है। आज पश्चिमी देशों (और चीन भी) के सामाजिक ढांचे में लोग जहाँ तेज़ी से बूढ़े हो रहे हैं, भारत एक युवा देश है और आगे भी काफ़ी समय तक युवा बना रहेगा। यह एक बड़ा अवसर हो सकता है, बशर्ते युवा वर्ग को सुशिक्षित, सच्चरित्र और सुयोग्य बनाया जाय। इसके लिए शिक्षा में बड़े निवेश और पर्याप्त सुधार की जरूरत है। इस अवधि में देश के भीतर और बाहर अनेक परिवर्तन आए हैं और कई मोर्चों पर चुनौतियां भी मिली हैं जिन्होंने इस क्षेत्र के इतिहास और भूगोल दोनों पर असर डाला है। इस बीच देश की राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति में भी बड़े परिवर्तन हुए। लोकतंत्र में जन भागीदारी बढ़ी है और लोकतांत्रिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा स्थापित हुई। दूसरी ओर वैश्विक परिदृश्य में भी बड़े उतार-चढ़ाव आए। पड़ोसी देशों में बहुत समय से अस्थिरता बनी हुई है। आज विश्व के अनेक क्षेत्रों में अशांति है और कई जगह लंबे समय से युद्ध की स्थितियाँ बनी हुई हैं। पश्चिम के देश अपने दबदबे को बनाये रखने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं और उनके समीकरण बन बिगड़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका भी प्रश्नांकित हो रही है। प्रतिस्पर्धा बढ़ने के साथ ही सत्ता और शक्ति के संतुलन जटिल, अस्थायी और बहु आयामी होते जा रहे हैं। साथ ही दूसरे देशों के साथ आपसी रिश्ता किसी देश के लिए पहले से ज़्यादा महत्वपूर्ण होता जा रहा है। अब किसी देश के लिए अलग-थलग रहना कठिन है। ऐसे में आर्थिक समृद्धि और उन्नति के लिए किसी भी देश के लिए आत्मनिर्भरता अत्यंत महत्वपूर्ण हो रही है। आर्थिक रूप से भी भारत ने बड़ी छलांग लगाई है। अब वह विश्व की चार विशालतम अर्थ व्यवस्थाओं में शुमार है। पर जहाँ जीवन के कई क्षेत्रों में कामयाबी मिल रही है वहीं मुश्किलें भी बढ़ी हैं। आज हम सब एक ऐसे मुकाम पर पहुंच रहे हैं जो राष्ट्रीय जीवन के लिए बड़ी चुनौती सिद्ध हो रहा है। यहाँ के समाज में पवित्रता, स्वच्छता और शुद्धता पर बड़ा ज़ोर दिया जाता रहा है। ऐसे ही परदुखकातरता और लोक-संग्रह भी महत्वपूर्ण रहा है। इसके विपरीत आज मिलावट, प्रदूषण और जिस तरह से बढ़ रहा है वह उन्नति की गति को थाम सकता है। दायित्वहीनता के चलते आए दिन दुर्घटना, अकाल मृत्यु, धन-जन हानि, पर्यावरण और प्रकृति के संसाधनों का क्षरण जैसे ऐसे परिणाम होते हैं जिनकी भरपाई नहीं की जा सकती। यह अलग बात है कि आम जनों की स्मृति अल्पकालिक होती है और लोग हादसों को आसानी से भुला देते हैं। इसी तरह प्रेस और मीडिया की चर्चाओं को लेकर आम जन स्तब्ध हो रहा है। राजनीति में देश की जगह जाति और क्षेत्र की अस्मिता को महत्व मिल रहा है। देश के विकास के लिए कार्य संस्कृति महत्वपूर्ण होती है। और यह एक दुखती रग है। आज किसी भी अवसर को लोग इसी दृष्टि से देखते हैं कि जो अपेक्षित योगदान है वह कितना कम हो सकता है यानी लागत कम से कम हो और उससे मिलने वाला लाभ अधिक से अधिक हो। इस जमाने में सिर्फ़ कमाने की होड़ मची हुई है। नफा-नुकसान वाला बाज़ारू तर्क आज के जीवन का नियामक बनता जा रहा है। ऐसे में गरीब-अमीर की खाई चौड़ी होती जा रही है। प्रकृति (धरती-जल, जंगल-वायु, अन्न-मिष्ठान्न, शाक-भाजी), संस्थाएं (मीडिया, सरकारी दफ्तर, न्यायालय, वृद्धाश्रम, अस्पताल, विद्यालय, विश्वविद्यालय) के साथ-साथ दवा-दारू, आचार-विचार, नाते-रिश्ते, हर कहीं भ्रष्टाचार, बेईमानी और मिलावट की घटनाएँ बढ़ रही हैं। यह दुखद है कि दुराचरण की हद सिर्फ नेता, व्यापारी, बैंकर, न्यायाधीश, मंत्री, राज्यपाल, सचिव, अन्य अधिकारी, डाक्टर, प्राध्यापक, कुलपति सभी संलिप्त होते पाए जा रहे हैं। आर्थिक अपराधों और रिश्ते में हैवानियत के संगीन मामले दुर्भाग्य से दिन पर दिन बढ़ रहे हैं। कहाँ तो विशिष्ट जन दूसरों के लिए मानदंड बनते ताकि लोग उनका अनुसरण करते। ईमानदारी और सच्चरित्रता उनका स्वाभाविक गुण होना था और अपेक्षा थी कि वे दूसरों के लिए राह बनायेंगेः महाजनो येन गतः स पंथाः। पर यह हो नहीं पा रहा है। तमाम सरकारी प्रयासों और आम जनों के लिए हितकारी योजनाओं के बावजूद बाहुबल और धनबल के चलते सामान्य आदमी और सीमांत जनों की मुश्किलें बनी हुई हैं। संसाधनों और सुविधाओं की पहुँच को लेकर गंभीर समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि आज की जीवन शैली बाजार और मीडिया से संचालित होती जा रही है। भौतिक समृद्धि की लालसा के साथ सभी इसी आपाधापी में हैं कि कितना कुछ कितना जल्दी हासिल कर लें। पाने की अँधियाली हवस को कुछ भी तृप्त नहीं कर पा रहा है। अब यह विचार कि हमें सचमुच उस वस्तु की आवश्यकता है कि नहीं खरीददारी का आधार नहीं रहा। नया माडल, दूसरों से तुलना और प्रतिस्पर्धा में दूसरों को मात देना खरीददारी का मुख्य आधार बन रहा है। मीडिया का फरेब आग में घी का काम करता है। पुराना छोड़ने और नया पाकर ही आदमी को गतिशीलता, प्रगति या उन्नति का अहसास होता है नहीं तो ठहरने और ऊब के बीच जीवन नीरस लगने लगता है। समाज के स्तर पर अतिशय भोग का असर अनियंत्रित रूप से फैलता जा रहा है। सामाजिकऽसांस्कृतिक परिवर्तन की लहर असंतोष को जन्म दे रही है। भारत एक धर्मप्रधान देश रहा है जिसमें कर्तव्य, सत्य, त्याग, अहिंसा और तप जैसे मूल्य जीवन को दिशा देते आए हैं। उन्नति और नवाचार के साथ विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए इन मूल्यों को आत्मसात करना होगा। लोकतंत्र स्वच्छंदता से नहीं चल सकता। उसके लिए अनुशासन जरूरी है। समय के साथ स्वतः ही समस्याओं का समाधान हो जाएगा, यह सोचना दुराशा है। लोकतंत्र की सतत और कड़ी परीक्षा होती रहती है। कर्मठता और ईमानदारी के साथ अपना कर्तव्य का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए सतत चौकसी आवश्यक होती है। **–गिरीश्वर मिश्र**

# भारतीय गणतंत्र में आम आदमी कहाँ है?

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

भारत अपना सतहत्तर वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। भारतीय संविधान के लागू होने के स्मृति दिवस के रूप में इस दिवस देश की समृद्धि का परिचय कर्तव्य पथ पर दिया जाता है। जिसमें देश की सैन्य क्षमता से लेकर विभिन्न प्रान्तों की विशेषताओं से देश को अवगत कराया जाता है। बहु संस्कृति को व्यक्त करती हुई सांस्कृतिक विविधता प्रदर्शित करने वाली प्रस्तुतियों से देश की अनेकता में एकता की छवि प्रस्तुत की जाती है। गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर देश की उपलब्धियों एवं विकास यात्रा का यह अद्भुत दृश्य प्रत्येक भारतवासी को गौरव की अनुभूति कराता है। अब भारत गणराज्य की वास्तविक संवैधानिक स्थिति का अध्ययन करें, कि क्या वास्तव में गणतंत्र में गण ही सर्वोच्च शक्ति है? क्या लोकतान्त्रिक मूल्यों का अनुपालन समानता के आधार पर किया जा रहा है? क्या सभी नागरिकों के लिए समान न्याय व्यवस्था लागू है? क्या आम नागरिक को समान नागरिक अधिकार प्राप्त हैं ? क्या देश में समान नागरिक संहिता लागू है? भले ही राष्ट्राध्यक्ष वंशानुगत नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होता हो तथा शासन की शक्ति जनता में निहित होती हो, मगर क्या जनता को समान लोकतांत्रिक अधिकार प्राप्त हैं? यह प्रश्न भारत को संवैधानिक व्यवस्था एवं गणतंत्र पर सवाल खड़े करते हैं। विचारणीय बिंदु यह भी है कि किसी भी राष्ट्र का सर्वांगीण विकास राष्ट्र के नागरिकों की राष्ट्र के प्रति समर्पण भावना से ही संभव होता है, यदि नागरिकों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना नहीं होगी, तो राष्ट्र से पहले व्यक्तिगत स्वार्थ का बोलबाला होना स्वाभाविक ही है। देश का दुर्भाग्य यही है, कि पंथ निरपेक्षता के नाम पर कुछ लोग राष्ट्र की अपेक्षा अपने धर्म को प्राथमिकता पर रखते हैं,, कुछ नागरिक जातीय संकीर्णता से ग्रस्त हैं। अनेक राजनीतिक दलों का अस्तित्व ही जातीय गठजोड़ पर निर्भर है। कुछ वंशवादी परिवारों ने राजनीति की पारिवारिक दुकानें खोल रखी हैं, विधायक और सांसद जैसे पदों पर परिवार के सदस्यों का ही कब्ज़ा है। विडंबना यह भी है कि देश में गण गौण हो गया है। वह समान नागरिक अधिकारों से वंचित है। जातीय संकीर्णता के चलते आम आदमी की पहचान ही उसके जातीय अस्तित्व से होती है। जातियों में बंटे समाज में सरकारी स्तर पर जाति प्रमाण पत्र बाँट कर उसे दलित, पिछड़ा में बांटकर समाज का बंटवारा संवैधानिक आधार पर किया जाता है। तथाकथित अगड़ी जातियों के नागरिकों को न तो जाति प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है, न ही उसके अगड़े होने का कोई कारण स्पष्ट किया जाता है, कि दुर्बल आय वर्ग का व्यक्ति अगड़ा किस आधार पर है। सबसे दुखद एवं अमानवीय स्थिति तो तब होती है, जब जातीयता को निशाना बनाकर समाज में तथाकथित अगड़ी जातियों के नागरिकों के विरूद्ध दलित व पिछड़ी जातियों के नागरिकों को झूठी शिकायत करने के अधिकार दे दिए जाते हैं, जिस अधिकार का दुरूपयोग बड़े पैमाने पर किया जाता है। सीधा सा अभिप्राय यही है कि गणों को आपस में ही उलझा कर राजनीति के दिग्गज मूल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ते। वर्तमान वैश्विक परिवेश में भारत उभरती हुई शक्ति है, जिसके लिए देश में आंतरिक लोकतंत्र की सुदृढ़ता अपेक्षित है। जिसके लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान अपेक्षित होता है, किन्तु जाति, धर्म और संप्रदाय की संकीर्ण सोच में सिमटे नागरिकों को व्यापक रूप से सोचने का अवसर ही नहीं मिलता। शिक्षण तथा रोजगार के क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था, चिकित्सा क्षेत्र में विशिष्ट पाठ्यक्रमों में निर्धारित मानकों की अनदेखी करके अयोग्यता को प्रवेश देने की नीति, शिक्षा क्षेत्र में जातीय आरक्षण को प्राथमिकता स्वस्थ लोकतंत्र को बैसाखियों पर धकेलने तक सीमित है। ऐसे में किस आधार पर भारत वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकेगा ? यह गंभीर चिंता का विषय है। अब भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा की चर्चा करें, तो स्पष्ट होगा, कि सीमा सुरक्षा बलों की चाक चौबंद निगरानी के उपरांत भी रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की देश में भरमार है। देश के शायद ही कुछ जिले ऐसे हों, जिनमें घुसपैठियों की उपस्थिति न हो। देश में मुफ्तखोरी की सुविधाओं का लाभ येन केन प्रकारेण ऐसे तत्व भी ले रहे हैं। पश्चिमी बंगाल तथा सीमावर्ती राज्यों में यह समस्या कम नहीं है। यहाँ तक कि घुसपैठियों के आधार कार्ड और मताधिकार पत्र भी बने हुए हैं। ऐसे में सुदृढ़ गणतंत्र की कल्पना किस आधार पर की जा सकती है, यह भी विचारणीय प्रश्न है।

## सेहत मंत्र

# मुनक्के को करें आहार में शामिल बीमारियां रहेंगी कोसों दूर

ठंड के मौसम में अक्सर लोगों को सर्दी-जुकाम से लेकर कई छोटी-बड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। वैसे तो समस्या के समाधान के लिए लोग डॉक्टर का रूख करते हैं, जबकि इलाज घर की किचन में ही मौजूद होता है। दरअसल, भारतीय रसोई में ऐसी कई चीजें हैं, जिन्हें अगर भोजन का हिस्सा बनाया जाए तो कई तरह की बीमारियों से खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है। इन्हीं में से एक है मुनक्का। वजन करें कम- हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, मुनक्के का सेवन वजन कम करने में सहायक है। अगर आप इसे अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो यह आपके शरीर में जमा फैट सेल्स को तोड़ने में सहायक होगा। जिससे आपके शरीर में जमा जिद्दी फैट आसानी से खत्म होने लगेगा। साथ ही यह आपको एनर्जी भी देगा। तनाव से मुक्ति- हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि आज के समय में तनाव हर किसी की जिन्दगी का हिस्सा बन गया है, जो कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं की जड़ है। ऐसे में तनाव से मुक्ति पाने के लिए भी आपको मुनक्का का सेवन जरूर करना चाहिए। दरअसल, इसमें अर्जीनाइन नामक एक तत्व पाया जाता है, जो तनाव को कम करने में सहायक है। बस आप हर सुबह इसका सेवन करें। आपको कुछ ही दिनों में अंतर नजर आने लगेगा। हाई ब्लड प्रेशर को करें नियंत्रित- हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत है तो आपको मुनक्का जरूरी खानी चाहिए। मुनक्के के सेवन का एक सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को कंट्रोल करता है, जिससे आपको हाइपरटेंशन की बीमारी पर काबू पाने में मदद मिलती है। महिलाओं के लिए लाभदायक- वैसे तो मुनक्का बच्चों से लेकर बूढों तक के लिए लाभकारी माना गया है, लेकिन महिलाओं को इसका विशेष रूप से सेवन करना चाहिए। दरअसल, भारतीय महिलाओं में आयरन की कमी अक्सर देखी जाती है। ऐसे में मुनक्का खाने से शरीर में आयरन व खून की कमी को दूर करने में मदद मिलती है। इतना ही नहीं, यह महिलाओं को सिर दर्द व बाल झड़ने जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है और चेहरे का ग्लो भी बढ़ाता है।

## धर्म मंत्र

# जीवन में आये संकट दूर करने हेतु पति पत्नी करें भगवान बृहस्पति की पूजा

ब्रह्मा, विष्णु, महेश यानि कि 'त्रिदेव' में से भगवान विष्णु को सृष्टि के संचालन का कार्य सौंपा गया है। यही वजह है कि पृथ्वी पर आयोजित होने वाले किसी भी मांगलिक कार्य के लिए बृहस्पति देव, जो स्वयं विष्णु भगवान के एक रूप हैं, उनको याद किया जाता है। विशेष तौर पर शादी-विवाह जैसे बंधनों को मजबूत बनाने के लिए बृहस्पति देव की पूजा करने का विधान शास्त्रों में बताया गया है। शास्त्र हमें यह भी बताते हैं कि किसी के भाग्य में बृहस्पति का संयोग ठीक नहीं है, तो उसके वैवाहिक जीवन में क्या-क्या संकट आ सकते हैं। शास्त्रों में इस बात का भी वर्णन है कि अगर पति पत्नी संयुक्त रूप से भगवान बृहस्पति की पूजा करते हैं, तो निश्चय ही उनके जीवन पर इसका सकारात्मक असर पड़ता है और उनका रिश्ता मधुर बना रहता है। ऐसे में हम आज आपको भगवान बृहस्पति को प्रसन्न करने के कुछ ऐसे उपाय बताएंगे, जिससे दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और आपसी सामंजस्य बना रहेगा। अगर आपके भाग्य में बृहस्पति शुभ नहीं है या वृहस्पति ग्रह टेढ़ा है तो इसका सीधा असर आपके वैवाहिक जीवन पर पड़ता है और आपके वैवाहिक जीवन में खलल पढ़ना प्रारंभ हो जाता है। इतना ही नहीं, अगर आप शादीशुदा नहीं हैं और आपके भाग्य में बृहस्पति बाधित है, तो इसका असर यह होता है कि आपका विवाह संपन्न होने में बाधाएं उत्पन्न होने लगती हैं।

पर्यटन



# प्राकृतिक खूबसूरती और रोमांच का संगम है हिमाचल की पब्बर वैली

अगर आप भारत में एक ऑफबीट डेस्टिनेशन में घूमने का प्लॉन कर रही हैं तो ऐसे में आपको हिमाचल की पब्बर वैली में एक बार जरूर जाना चाहिए। प्रकृति की गोद में बसी पब्बर घाटी आपको ना सिर्फ अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य का अहसास कराती है, बल्कि यहां आपको कई तरह की एडवेंचर्स एक्टिविटी करने का भी मौका मिलता है। यहां पर ऐसे कई ट्रेकिंग स्पॉट हैं, जहां पर आपको एक अलग ही एक्सपीरियंस मिलेगा। यहां आप हिमालय की प्रामाणिक सुंदरता, देवदार और ओक के हरे भरे जंगलों, कई सुंदर नदियों और झरनों का अनुभव कर सकेंगे और भारत में कुछ बेरोक टोक ट्रेक मार्गों का आनंद भी ले सकेंगे। गडसरी सरू ट्रेक- शायद न केवल इस क्षेत्र में बल्कि पूरे देश में सबसे दुर्लभ ट्रेक में से एक है, इस ट्रेक मार्ग को सबसे अनुभवी ट्रेकर्स द्वारा भी मुश्किल से पहुँचा जा सकता है। ट्रेक मार्ग गहरे जंगलों और विचित्र गडसरी गाँव से गुज़रता है और अंत में सुंदर सरयू झील पर समाप्त होता है जो 11,865 फीट की ऊँचाई पर है। ट्रेक को पूरा करने में लगभग पूरा दिन लगता है जो कि बेहद मनोरम और चुनौतीपूर्ण है। रूपिन पास-यह शानदार ट्रेक रूपिन नदियों के किनारे का अनुसरण करता है और इस तरह आपको सुंदर गांवों, झीलों, हरे भरे जंगलों, ऊंची पर्वत चोटियों और चट्टानों और यहां तक कि बर्फीली भूमि के विशाल विस्तार के माध्यम से यात्रा पर ले जाता है। यह चुनौतीपूर्ण ट्रेक धौला से शुरू होता है और तीन चरणों में विभाजित एक राजसी झरने से मिलता है। 4619 मीटर पर अंतिम गंतव्य तक पहुंचने के लिए, आपको चट्टानों, बोल्डर और बर्फ से चलना होगा जो बहुत ही साहसिक है। जांगलिक चन्दरनहान ट्रेक- चंद्रनहन ट्रेक के लिए आपको जंग्लिक गांव की यात्रा करनी होगी और फिर रोडोडेंड्रोन, देवदार और ओक के पेड़ों, चमचमाती नदियों और नदियों के घने जंगलों के माध्यम से चुनौतीपूर्ण यात्रा शुरू करनी होगी। झील लगभग 4000 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है और हमेशा बर्फ में ढकी रहती है जो एक रमणीय दृश्य के लिए बनी है। इसे पवित्र भी माना जाता है और इस प्रकार पानी में डुबकी लगाना एक अद्भुत अनुभव है।

# कोटवा धाम तीर्थ में उमड़ा, श्रद्धा और आस्था का सैलाब, सांचे दरबार की जय घोष से गूंजा वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।कोटवा धाम में श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा का 356वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रविवार को भोर पहर से ही देश भर से श्रद्धालु शामिल हुए।श्रद्धालुओं ने पवित्र अभरन सरोवर में आचमन किया और व्रत रखकर बड़े बाबा का जन्मोत्सव मनाया। मंदिर परिसर को गुब्बारों और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था।महंत विशाल दास, नीलेंद्र बक्श दास, उमेंद्र बक्श दास, महंत कमलेश दास, महंत अखिलेश दास और फलाहारी दास ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। सतनामी संप्रदाय के प्रवर्तक समर्थ साई जगजीवन साहब की समाधि पर श्रद्धालुओं ने चादर व प्रसाद चढ़ाया।सीतापुर, गोंडा, बहराइच सहित विभिन्न जिलों और प्रदेशों से श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे थे। बड़ी गद्दी महंत नीलेंद्र बक्श दास, छोटी गद्दी





आश्रम पर भक्तों कीभारी भीड़ उमड़ी थी दर्शन कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। व्रतधारी श्रद्धालुओं को फल और अन्य व्रत सामग्री प्रसाद के रूप में वितरित की गई। विभिन्न दरबारों में भंडारे का आयोजन किया गया, जहां व्रतधारियों को आलू, फल और चाय का वितरण किया गया।सुरक्षा व्यवस्था के लिए अपर जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ज्वांइट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी तेजस के पुलिस उपाधीक्षक रामनगर गरिमा पन्त और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय अजित विद्यार्थी के नेतृत्व में पीएसी और पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने मंदिर की सुरक्षा की कमान संभाली और चप्पे-चप्पे पर नजर रखी।

सतनाम आश्रम कमोली धाम भव्य भंडारा

सतनाम आश्रम कमोली धाम में साहब का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आश्रम परिसर भक्तों कि श्रद्धालुओं से भरा था। दिनभर भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। भंडारा में सैकड़ो लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। शाम को भव्य आरती आयोजन में भारी भीड़ उमड़ी थी। महंत बी.पी दास ने श्रदालु भक्तों को संबोधित किया।

# लंबे समय से बीमार चल रहे किशान नेता का निधन, शोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर (बाराबंकी) मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के दादनपुर में भारतीय किसान यूनियन संरक्षक और पूर्वांचल में किसान यूनियन के जन्मदाता गांधी सरमैलसिंह का निधन हो गयाहै। वे 84 वर्ष के थे लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

गांधी सरमैल सिंह पंजाब के लाहौर में जन्मे थे और उन्होंने किसानों के हक की लड़ाई लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के बेहद करीबियों में से एक बताया जाता है।

उन्होंने 1984 में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों के हक की लड़ाई हमेशा लड़ी। जब चौधरी महेंद्र टिकैत पहली बार बाराबंकी के फतेहपुर आए थे,तब उनके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ था।

पिछले कई वर्षों से वे भारतीय किसान यूनियन के संरक्षक के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। रविवार देर रात लंबी बीमारी के चलते उनका निधन हो गया।

उनका अंतिम संस्कार (मिट्टी) गणतंत्र दिवस के मौके पर उनके पैतृक गांव दादनपुर चक कोडर में किया जाएगा।

उनके निधन पर भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है।

इनमें वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष अयोध्या जैसीराम आर्य, वरिष्ठ अधिवक्ता यादवेंद्र प्रतापसिंह, बीरेशवर्मा, श्याम बिहारी वर्मा पत्रकार विजयराम जायसवाल, अनुपमवर्मा, समीरयादव, मकुंदी लाल वर्मा रामनरेश पटेल, नवमी लाल वर्मा ने था राजकुमार रावत आदि ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# कावरियों का जत्था पहुंचा महादेवा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। विगत 23 वर्षों से माघी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कानपुर बिठूर घाट से गंगाजल भरकर महादेवा आने वाले कांवरियों का पहला जत्था रविवार को महादेवा पहुँचा।विदित हो कि मसौली क्षेत्र के ग्राम ज्योरी निवासी टोली नायक पवन कुमार वर्मा पुजारी के साथ कटरा निवासी विद्या प्रसाद तथा कुढ़वा ग्राम के अशोक कुमार अनुप यादव सुनील छन्नू प्रवेश व संतोष आदि श्रृद्धालु महादेवा धाम पहुँचे जहाँ उन्होंने विधिविधान से भगवान श्रीलोधेश्वरकी का गंगाजल से जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया।

# श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया जगजीवन साहब का जन्मोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

श्रीकोटवाधाम बाराबंकी। सतनाम सम्प्रदाय प्रवर्तक समर्थ स्वामी श्री जगजीवन दास जी महाराज 'बड़े बाबा' का 356 वां जन्मोत्सव श्री कोटवाधाम में पूर्ण श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। देश के विभिन्न प्रान्तों से हजारों श्रद्धालु श्री कोटवाधाम पहुंचे और बड़े बाबा की समाधि पर पूजन, अर्चन कर विश्वकल्याण की प्रार्थना की। बड़ी गद्दी के महंत नीलेन्द्र बख्श दास, महन्त विशाल दास, अमान दास, राजेश बक्श दास, सोनी दास, संजय दास आदि महंतों के आश्रम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु दीक्षा ली। दिन भर 'बड़े बाबा की जय', 'महतरिया साहेब की जय' के जयकारे से श्री कोटवाधाम क्षेत्र गुंजायमान रहा। सभी प्रमुख महंत परिवार की उपस्थिति में प्रातः काल साहब का जन्म दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया प्रातः आरती हुई। महंत बी.पी दास ने सर्व



कल्याण व वसुधैव कुटुंबकम भावना की प्रार्थना की।

विदित हो कि, जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव का भी आयोजन किया गया था। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार, हजारों श्रद्धालुओं ने श्री कोटवाधाम पहुंच कर पवित्र अभरन सरोवर में आचमन किया। स्वामी जी की समाधि पर चादर एवं प्रसाद चढ़ा कर आशीर्वाद लिया। ज्ञात हो कि, सतनामी श्रद्धालु समर्थ स्वामी जी के जन्मोत्सव पर व्रत कर पूजा अर्चना करते हैं। मनवांछित फलों की प्राप्ति, विश्व एवं मानव कल्याण की कामना करते हैं। जन्मोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु बस, डीसीएम, बोलेरो, स्कार्पियो व ट्रैक्टर ट्राली से बीती रात ही कोटवाधाम पहुंच गये थे। रात भर भजन कीर्तन चलता रहा। शुक्रवार सुबह ब्रह्ममुहूर्त में ही पवित्र अभरन सरोवर में स्नान कर बड़े बाबा के दरबार में पहुंच गये। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में बडी संख्या में पुलिसकर्मी, अग्निशमन, एम्बुलेंस आदि मेला परिसर में मौजूद रहे। ड्रोन कैमरे से मन्दिर व मेला परिसर की निगरानी की गई। श्री कोटवाधाम में भीड़ का आलम यह था कि, मध्यान्ह 12 बजे तक चारों तरफ जाम की स्थिति बनी रही। मेला में सर्कस, कपड़ा, कास्टमेटिक, प्रसाधन, चश्मा, चाय, पान, मिष्ठान सहित अन्य दुकानें सजी रहीं। भक्तों ने जमकर खरीदारी की। पवित्र अभरन सरोवर में दुर्घटना रोकने हेतु नाव चलाई जाती रही। कई स्थानों पर भन्डारों में व्रतधारियों को फलाहार एवं चाय का वितरण किया जाता रहा। सिद्धौर प्रतिनिधि के अनुसार, जमलापुर गांव स्थित सतनामी संप्रदाय के संत बाबा श्री केशरी दास की पवित्र स्थली पर समर्थ स्वामी श्री जगजीवनदास जी साहब 'बड़े बाबा' का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तमाम साधु, संत, श्रद्धालु, भक्तजन मौजूद रहे। इस दौरान बाबा साहेब के जयकारों व कीर्तन, भजन की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिमय रहा।

## गरीबों किसानों का समग्र विकास ही प्राथमिकता : राजरानी रावत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गांवों, गरीबों और किसानों का समग्र कल्याण भज्प सरकार की प्राथमिकता है। इन्हें समृद्ध और सशक्त बनाना ही हमारा मूल लक्ष्य है यह योजना ग्रामीण भारत के लिए केवल एक रोजगार कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और स्थायी विकास की मजबूत आधारशिला है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने ग्राम पंचायत रहरामऊ मे हुए विकास कार्यो की प्रशंसा की। उक्त बाते रविवार को ग्राम पंचायत बांसा स्थित रहरामऊ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार वर्मा द्वारा आयोजित विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कही उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और जब गांव मजबूत होते हैं, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है। इसी मूल भावना को साकार करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारतऽग्राम गारंटी अधिनियम 2025 (वीबी–जी राम जी) को लागू किया गया है। यह योजना ग्रामीण भारत के लिए केवल एक रोजगार कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और स्थायी विकास की मजबूत आधारशिला है। जैदपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रहे अंबरीश रावत ने कहा कि वीबी–जी राम जी के माध्यम से गांवों में अब 125 दिन का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही टिकाऊ और उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण भी किया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने, पलायन रोकने और गांव की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालीन रूप से सशक्त करने की दिशा में एक निर्णायक कदम सिद्ध हो रही है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक राजकुमार सोनी ने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में विकास की जो इमारत खड़ी की वह इतिहास में दर्ज होगा। सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर प्रदेश में समाज के सभी तबकों सम्मान मिल रहा है।

पूर्व मंडल अध्यक्ष नितिन कुमार मौर्य के संचालन मे आयोजित कार्यशाला को राजकरन रावत, दीपक कुमार गुप्ता, मास्टर ओमप्रकाश वर्मा, डा0 प्रेम प्रकाश वर्मा, रुपलाल, रामसुमेर, आकाश वर्मा, रमेश वर्मा, शिवबालक रावत, मनीष सोनी, विजय रावत, ठाकुर ब्रजराज सिंह, बिंद्राज सिंह, रमेश मिस्त्री, गुड्डू मौर्य, दीपेश कुमार, राहुल वर्मा, रामबिलास यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शातिर चोर गिरफ्तार चोरी का माल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे रविवार को सफदरगंज पुलिस ने स्वाट एव, सर्विलांस टीम के सहयोग से 3 शातिर चोरो को गिरफ्तार कर विगत दिनों थाना क्षेत्र सहित अन्य थानो मे हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा किया। अभियुक्तों के कब्जे से 72 सौ की नगदी सहित मेंथा आयल एव जेवरात बरामद किया।

बताते चले कि विगत दिनों थाना सफदरगंज मे सेंघमारी की चोरी की घटनाओ को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे दिन पर दिन चोरी की बढ़ती घटनाओं से हलकान सफदरगंज पुलिस ने स्वाट एव, सर्विलांस टीम के साथ मैनुअल इंटेलीजेंस व डिजिटल डेटा के सहयोग से लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जलालपुर स्थित काउन्टी साइट के निकट से



मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार निवासी बिरजू रावत उर्फ राहुल पुत्र रामहरख, अवनीश वर्मा उर्फ लकी पुत्र रामनिवास वर्मा, सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ी निवासी राज वर्मा उर्फ एस के पुत्र आनन्द वर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 बोरी सरसों, 8 जोड़ी पायल, 24 अदद अंगूठी/छल्ला, 6 अदद नाक की कील, 5 लीटर मेंथा आयल, 3 कैन किंगफिसर बियर, 1 बोतल रायल स्टेग शराब, 1 बोतल बकाडी लेमन शराब, 5 सीसी ब्लेन्डर प्राइड शराब, 1 अदद लोहे का साबर,अपाचे राईडर व स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल बरामद किया।

पुलिस की गिरफ्त मे आये अभियुक्तों ने बताया की हम लोगो का एक संगठित गिरोह है जिसमे हम सभी लोग मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार निवासी रोहित उर्फ करिया, दुर्गेश वर्मा उर्फ कुन्नू पुत्रगण रामराज के साथ मिलकर सेंधमारी की घटनाओं को अंजाम देकर चोरी करते थे अभियुक्तओ ने बताया कि द्वारा दिन में रेकी कर चोरी करने के स्थानों को चिन्हित कर लिया जाता था तथा घटना को अंजाम देते समय सर्विलांस से बचने के लिए मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं किया जाता था एवं सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए मुख्य मार्गों का प्रयोग न कर खेत-बाग के रास्तों का प्रयोग किया जाता था।



## जरूरतमंदों को तहसीलदार ने दिए कंबल

रामनगर बाराबंकी। तहसीलदार विपुल सिंह द्वारा गणेशपुर क्षेत्र की लकड़मंडी हाट बाजार में जरूरतमंद ग्रामीणों में कंबल वितरित किए गए।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और लाभान्वित हुए।कार्यक्रम में समाजसेवी शिवराम गुप्ता प्रवेश शुक्ला सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग व राजस्वकर्मी शामिल रहे।

## राम कथा आनंद में भाव विभोर है गणेशपुर वासी

रामनगर बाराबंकी। ग्राम पंचायत गणेशपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा कथा व्यास आचार्य अश्वनी कुमार त्रिपाठी ने वराह अवतार सृष्टि की उत्पत्ति मनु शतरूपा वंश परंपरा तथा दक्ष यज्ञ व माता सती के प्रसंगों के माध्यम से धर्म श्रद्धा और जीवन दर्शन का संदेश दिया।उन्होंने श्रद्धा के महत्व नारी सम्मान और अहंकार के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला ओजस्वी प्रवचनों पर पांडाल जयघोषों से गूंज उठा।कार्यक्रम में यजमान सहित सैकड़ों गणमान्य लोग महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा को राकेश ने दिखाया हरी झंडी

सिरौली गौसपुर बाराबंकी।गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने किया।यह रैली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जुल्फी मियां द्वारा आयोजित की गई थी। पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना है, ताकि वे देश के जवानों के बलिदान और आजादी के महत्व को समझ सकें।उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं भी दीं। यह यात्रा हजरतपुर, कटोरवा और हसनापुर सहित कई गांवों से होकर गुजरी।यात्रा में शामिल लोग बाइक पर तिरंगे झंडे बांधे हुए थे और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ देशभक्ति के गीत बजाते हुए चल रहे थे।

## क्रिकेट मैच की तैयारी

फतेहपुर बाराबंकी। गणतंत्र दिवस पर होने वाले प्रशासन बनाम पत्रकार मैत्री क्रिकेट मैच की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में रविवार को सांई कॉलेजेज ग्राउंड पर दोनों टीमों के कप्तान उपस्थित रहे। अभ्यास सत्र दौरान एसडीएम कार्तिकेय सिंह और पत्रकार राजेश जायसवाल ने खिलाड़ियों को खेल भावना,अनुशासन और आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर सांई कॉलेजेज प्रबंधक विपिन राठौर, प्रियंका शर्मा, रिजवान मुनीर, गुफरान,खालिद महमूद, सर्वेश श्रीवास्तव,पंकजश्रीवास्तव, राजीवनयन तिवारी सहित तमाम खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## घरेलू कलह में आत्महत्या

रामसनेहीघाट बाराबंकी।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंधईपुर निवासी निर्मल उम्र करीब 27 वर्ष पुत्र स्वर्गीय नान्हू ने घरेलू कलह चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की।परिजनों ने जिसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्मल का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज कर पुलिस आगे की जांच में जुटी गई।

# मन की बात का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। गणेशपुर क्षेत्र के नारायण सिंह इंटर कॉलेज में समाजसेवी राहुल सिंह द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम मन की बात का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं अभिभावकों और क्षेत्रीय नागरिकों ने सहभागिता की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह व भाजपा नेता रामबाबू द्विवेदी रहे।प्रधानमंत्री ने मन की बात में श्री अन्न मिलेट्स के महत्व और मतदाता की भूमिका पर प्रकाश डाला।इस दौरान दौरान भाजपा पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों की उपस्थिति रही और सभी ने कार्यक्रम को प्रेरक बताया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित , 16 टीमों ने लिया भाग

बाराबंकी।स्थानीय तहसील क्षेत्र सनौली में लक्की क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की 16 टीमों ने भाग लिया।रविवार को बहराइच व त्रिवेदीगंज की टीम के फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा।मैच को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। टास जीत कर पहले त्रिवेदीगंज की टीम मैदान में बल्लेबाजी करने उतरी और 16 ओवरों में 127 रन बना कर सीमट गई और बहराइच के सामने 128 रनों का लक्ष्य रखा गया।लक्ष्य का पिछा करने उतरी बहराइच की टीम ने शानदार पारी खेलते हुए बेहतरीन जीत हासिल की।खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मनोरंजन किया।विजेता टीम को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू वर्मा एवं क्रिकेट कमेटी की ओर से मोटरसाइकिल, ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी ट्रॉफी के साथ सभी खिलाड़ियों को एक–एक मेडल देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ़ दमैच सीरीज का खिताब मुकेश ने अपने नाम किया।इसी दौरान राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय करते हुए जीत की बधाई देकर उत्साह वर्धन बढ़ाया।

## महिला लगाया छेड़छाड़ का आरोप

फतेहपुर(बाराबंकी) एक महिला ने अपने किराये के कमरे में एक युवक पर घुसकर अश्लील हरकतें करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। फतेहपुर कोल्ड स्टोर के पीछे रहने वाली शालू वर्मा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि शाम लगभग 7 बजे शिवम वर्मा नामक व्यक्ति उनके किराये के कमरे में जबरदस्ती घुस आया। उस समय पीड़िता का पति पवन घर में नहीं था। अश्लील हरकतें करने लगा। शालू वर्मा के अनुसार, शिवम वर्मा ने उनके साथ अश्लील हरकतें कीं। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उन्हें जमीन पर गिराकर लात–घूंसों से पीटा। मारपीट में पीड़िता के मुंह और शरीर के अन्य अंगों पर चोटें आई हैं।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी उनके मोबाइल पर अश्लील मैसेज और फोन कॉल करके परेशान करता है। शालू वर्मा ने अपनी जान और माल को खतरा बताते हुए कहा कि यदि उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी शिवम वर्मा की होगी। इस मामले में कोतवाल अमित सिंह ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी शिवम वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्जकर पुलिस जांच कर रही है।

# तेजस्वी बने राजद के कार्यकारी अध्यक्ष

एजेंसी



पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को रविवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति (एनईसी) की बैठक में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है।

यहां आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में आज श्री यादव को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों ने तेजस्वी यादव को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन किया। राजद के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार ने तेजस्वी यादव को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की खराब स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए यह निर्णय आवश्यक था।

श्री कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने से पार्टी और मजबूत होगी, साथ ही अब संगठनात्मक मुद्दों पर फैसले तेजी से लिए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की खराब सेहत के कारण पहले कुछ निर्णयों में देरी हो जाती थी। इस अवसर पर श्री यादव के पिता और पार्टी के अध्यक्ष लालू प्रसाद, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राज्यसभा सांसद मीसा भारती, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल सहित कई शीर्ष नेता मौजूद थे।

## सुभांशु शुक्ला अशोक चक्र, तीन जांबाज कीर्ति चक्र और 13 शौर्य चक्र से सम्मानित

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय नागरिक वायु सेना के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र, सेना के तीन रणबांकुरों को कीर्ति चक्र और 13 को शौर्य चक्र से सम्मानित करने की घोषणा की गयी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को यहां सशस्त्र बलों के कुल 70 जांबाजों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित करने की मंजूरी दी। इनमें छह रणबांकुरों को ये पुरस्कार मरणोपरांत दिये जा रहे हैं।

राष्ट्रपति ने 44 वीर सैनिकों को सेना पदक (वीरता) जिनमें पांच को यह पुरस्कार मरणोपरांत मिल रहा है , छह को नौसेना पदक (वीरता) और दो को वायु सेना पदक (वीरता) तथा एक को बार टू सेना पदक (वीरता) से सम्मानित करने की घोषणा की। कीर्ति चक्र से सम्मानित किये जाने वाले जांबाजों में सेना के मेजर अरशदीप सिंह 1 असम राइफल्स , सेना के नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा, 2 पैरा और वायु सेना के पायलट ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर शामिल हैं। इनमें समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने के अभियान पर निकली नौसेना की दो महिला अधिकारी भी शामिल हैं। शौर्य चक्र पाने वालों में सेना की 21 पैरा के लेफ्टिनेंट कर्नल घटगे आदित्य श्रीकुमार, सेना के मेजर अंशुल बलटू- 32 असम राइफल्स, सेना की 5 पैरा के मेजर शिवकांत यादव, सेना की 42 आर आर के मेजर विवेक, सेना की 11 पैरा के मेजर लैशांगथेम दीपक सिंह, सेना की 6 पैरा के कैप्टन योगेंद्र सिंह ठाकुर, सेना के सूबेदार पी. एच. मोसेस 1 असम राइफल्स, सेना की 4 आर आर के लांस दफादार बलदेव चंद (मरणोपरांत) , सेना के राइफलमैन मैंगलम सांग वैफ़ेई 3 असम राइफल्स, सेना के राइफलमैन धुर्बा ज्योति दत्ता 33 असम राइफल्स, नौसेना की लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के , नौसेना की लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए और सहायक कमांडेंट विपिन विल्सन (गृह मंत्रालय) शामिल हैं।

# किसान देश का मेरूदंड : राष्ट्रपति मुर्मू

## आर्थिक नियति की निर्माण यात्रा में आत्मनिर्भरता और स्वदेशी मूलमंत्र : मुर्मु

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 77वें गणतंत्र की पूर्वसंध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में किसानों को देश का मेरूदंड बताया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि किसानों के परिश्रम ने ही भारत को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाया है, जिससे देश आज कृषि उत्पादों का निर्यात करने में सक्षम हैं। उन्होंने जोर दिया कि सरकार का लक्ष्य किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना, रियायती ब्याज पर कर्ज, प्रभावी बीमा सुरक्षा और अच्छे बीज उपलब्ध कराना है। किसानों को सिंचाई की सुविधाएं मिलें, अधिक उत्पादन के लिए उर्वरक उपलब्ध हों, उन्हें आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ा जाए तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने जैसे सभी विषयों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 'पीएम किसान सम्मान निधि' के माध्यम से अन्नदाताओं के योगदान को न केवल आदर दिया जा रहा है, बल्कि उनके प्रयासों को संबल भी प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने अपने संबोधन में देश के समावेशी विकास का खाका खींचते हुए आदिवासी, और गरीब वर्ग के कल्याण को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि समावेशी सोच के साथ आज समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।

राष्ट्रपति ने जनजातीय समुदाय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले वर्ष 15 नवंबर को देश ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पांचवां 'जनजातीय गौरव दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया। उन्होंने विशेष रूप से 'आदि कर्मयोगी' अभियान का उल्लेख किया, जिसने जनजातीय युवाओं में नेतृत्व क्षमता को निखारा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि 'राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन' के तहत अब तक छह करोड़ से अधिक स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

राष्ट्रपति मुर्म ने कहा कि एकलव्य मॉडल रेजीडेंशियल स्कूलों में लगभग 1.40 लाख विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार संग्रहालयों के निर्माण के जरिए जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को संरक्षित कर रही है, जबकि 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' और 'पीएम-जनमन योजना' से सभी जनजातीय समुदायों का सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि दशकों से संघर्ष कर रहे करोड़ों देशवासियों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है और अब प्रयास यह है कि वे पुनः इसकी चपेट में न आएं। 'पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना' को विश्व की सबसे बड़ी योजना बताते हुए उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य 140 करोड़ की आबादी में किसी को भी भूखा न रहने देना है, जिससे 81 करोड़ लाभार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, गरीब परिवारों के लिए बिजली, पानी और शौचालय से युक्त चार करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण किया गया है। राष्ट्रपति ने इन प्रयासों को महात्मा गांधी के 'सर्वोदय' के आदर्श का प्रतिबिंब बताया, जो गरीबों को गरिमापूर्ण जीवन जीने और आगे बढ़ने का ठोस आधार प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व-स्तरीय अवसंरचना के निर्माण में निवेश करके देश अपनी आर्थिक संरचना का उच्च-स्तर पर पुनर्निर्माण कर रहा हैं। आर्थिक नियति के निर्माण की यात्रा में आत्म-निर्भरता और स्वदेशी हमारे मूलमंत्र हैं।

राष्ट्रपति ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को स्वतंत्रता के बाद देश के आर्थिक एकीकरण के लिए सबसे महत्वपूर्ण निर्णय बताते हुए कहा कि इससे ''एक राष्ट्र, एक बाजार'' की व्यवस्था स्थापित हुई है। जीएसटी में पिछले साल सितंबर में किये गये अगली पीढ़ी के सुधारों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''जीएसटी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के हाल ही के निर्णय से हमारी अर्थव्यवस्था को और अधिक शक्ति मिलेगी।''

श्रीमती मुर्मु ने श्रम सुधार के क्षेत्र में चार नयी संहिताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे श्रमिक वर्ग लाभान्वित होगा तथा उद्यमों के विकास को भी गति मिलेगी।

देश के विकास में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने युवाओं को राष्ट्र की विकास यात्रा का ध्वजवाहक बताया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी की सहायता से संचालित एक अनुभव-आधारित शिक्षा व्यवस्था 'मेरा युवा भारत' युवाओं को नेतृत्व और कौशल-विकास सहित, कई क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के साथ जोड़ती है। देश में स्टार्टअप की सफलता का श्रेय युवा उद्यमियों को देते हुए उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की आकंक्षाओं पर केन्द्रित नीतियों तथा कार्यक्रमों के बल पर देश के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवा-शक्ति की प्रमुख भूमिका रहेगी।

राष्ट्रपति ने देश में विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी का उल्लेख करते हुए युवाओं की ''असीम प्रतिभा'' की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''हमारे युवा उद्यमी, खिलाड़ी, वैज्ञानिक और पेशेवर देश में नयी ऊर्जा का संचार कर रहे हैं तथा विश्व-स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि आपसी विश्वास पर आधारित सुशासन पर जोर देकर सरकार और जन-सामान्य के बीच की दूरी को निरंतर कम किया जा रहा है। अनेक अनावश्यक नियमों को निरस्त किया गया है, अनुपालना संबंधी कई बाधाओं को समाप्त किया गया है और आम लोगों के हित में व्यवस्थाओं को सरल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार रोजमर्रा के जीवन को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ जीवनयापन की आसानी को प्राथमिकता दे रही है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि पिछले एक दशक के दौरान राष्ट्रीय लक्ष्यों को जनभागीदारी के माध्यम से प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियानों को जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। गांव-गांव में, नगर-नगर में स्थानीय संस्थाओं को प्रगतिशील बदलाव का माध्यम बनाया गया है।

उन्होंने विकसित राष्ट्र के निर्माण को सभी देशवासियों की साझा जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि समाज में असीम शक्ति होती है। सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को समाज का सक्रिय समर्थन मिलने से क्रांतिकारी बदलाव आते हैं। डिजिटल भुगतान का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इसे लोगों ने बहुत बड़े पैमाने पर अपनाया है। आज दुनिया के आधे से अधिक डिजिटल लेनदेन भारत में होते हैं। छोटी से छोटी दुकान में सामान खरीदने से लेकर ऑटो-रिक्शा का किराया देने तक, डिजिटल भुगतान का उपयोग विश्व समुदाय के लिए प्रभावशाली उदाहरण बन गया है। उन्होंने देशवासियों से अन्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी इसी तरह की सक्रिय भागीदारी की उम्मीद जतायी।

### रूढ़ियों को तोड़कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं महिलाएं: मुर्मु

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के विकास में नारी शक्ति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए रविवार को कहा कि आज देश की बहन-बेटियां रूढ़ियों को तोड़कर देश के विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में श्रीमती मुर्मु ने कहा, ''महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारी बहनें और बेटियां, परंपरागत रूढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ रही हैं। महिलाएं देश के समग्र विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं।'' उन्होंने कहा, ''विकसित भारत के निर्माण में नारी-शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उनके बढ़ते हुए योगदान से हमारा देश महिला-पुरुष समानता पर आधारित समावेशी गणतंत्र का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किये जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहन मिला है। 'प्रधानमंत्री - जन धन योजना' के तहत अब तक 57 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इनमें लगभग 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दस करोड़ से अधिक बहनें विकास की नयी परिभाषा लिख रही हैं। खेत-खलिहानों से लेकर अन्तरिक्ष तक, स्व-रोजगार से लेकर सेनाओं तक महिलाओं की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, ''खेल-कूद के क्षेत्र में हमारी बेटियों ने विश्व-स्तर पर नये प्रतिमान स्थापित किये हैं।''

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष नवंबर में देश की बेटियों ने आईसीसी महिला विश्व कप और उसके बाद दृष्टिबाधित महिलाओं का टी20 विश्व कप जीतकर स्वर्णिम इतिहास रचा है। पिछले ही वर्ष शतरंज विश्व कप का फाइनल मैच भारत की ही दो बेटियों के बीच खेला गया। यह खेल-जगत में देश की बेटियों के वर्चस्व का प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में महिला जन-प्रतिनिधियों की संख्या लगभग 46 प्रतिशत है। महिलाओं के राजनैतिक सशक्तिकरण को नयी ऊंचाई देने वाले 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से महिलाओं के नेतृत्व द्वारा विकास की सोच को अभूतपूर्व शक्ति मिलेगी।

### राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जनभागीदारी पर बल दिया मुर्मु ने

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत सहित सभी राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने में देशवासियों की सक्रिय भागीदारी पर बल देते हुए कहा है कि भारतीय समाज में असीम शक्ति है और उसके सहयोग से देश में क्रांतिकारी बदलाव लाये जा रहे हैं। श्रीमती मुर्मु ने 77 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार शाम देश के नाम संबोधन में कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत आज भी दुनिया की सबसे तेज गति से बढने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है और हम '' निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय अवसंरचना के निर्माण में निवेश कर देश अपनी आर्थिक अवसंरचना का उच्च स्तर पर पुनर्निर्माण कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा ,'' आर्थिक नियति के निर्माण की यात्रा में, आत्म-निर्भरता और स्वदेशी हमारे मूलमंत्र हैं।'' उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व, लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं की भूमिका , देश की सभ्यता , संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं की शक्ति का उल्लेख किया। उन्होंने देश की प्रगति में सशस्त्र सेनाओं और पुलिस बलों के जवानों, किसानों, शिक्षकों, डाक्टरों, नर्सों , युवाओं , सफाईकर्मियों , वैज्ञानिक और इंजीनियर,उद्यमियों और निस्वार्थ रूप से काम करने वाले समाजसेवकों तथा सरकारी और गैर सरकारी संगठनों में काम करने वाले कर्मचारियों के योगदान का विस्तार से उल्लेख किया।

### केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने पीएम स्वनिधि लाभार्थियों और निर्माण श्रमिकों से किया संवाद

नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) राज्य मंत्री तोखन साहू ने यहां रविवार को पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों तथा कर्तव्य पथ और कर्तव्य भवन जैसे राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं से जुड़े निर्माण श्रमिकों के साथ संवाद किया। ज्ञात रहे कि इन सभी को विशेष अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस 2026 समारोह में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास काथितिकला सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह संवाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समावेशी, जन-केंद्रित शहरी विकास और अंतिम पंक्ति तक लाभ पहुंचाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में स्ट्रीट वेंडर्स और निर्माण श्रमिकों ने अपने अनुभव और सरकारी हस्तक्षेपों से उनके जीवनयापन, वित्तीय समावेशन, गरिमा और सामाजिक सुरक्षा में सुधार हुआ है और वे देश के विकास में भागीदार बनने में भूमिका को साझा किया।

## पत्रकार मार्क टुली का निधन, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

नयी दिल्ली। दिग्गज पत्रकार और ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के भारत और दक्षिण एशिया क्षेत्र के पूर्व संवाददाता मार्क टुली का रविवार को नयी दिल्ली में निधन हो गया। वह करीब 90 वर्ष के थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत सरकार के 'पद्मभूषण' अलंकरण से सम्मानित श्री टुली की पत्रकारिता में भारत के प्रति उनके लगाव का उल्लेख करते हुए उनके निधन पर दुःख प्रकट किया है। श्री मोदी ने श्री टुली के परिवार, मित्रों और उनके चाहने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, 'पत्रकारिता की दुनिया की एक बड़ी हस्ती, सर मार्क टुली के निधन से दुख हुआ। भारत और हमारे देश के लोगों के साथ उनका जुड़ाव उनके काम में झलकता था। उनकी रिपोर्टिंग और सोच ने सार्वजनिक विमर्श पर एक गहरी छाप छोड़ी है। उनके परिवार, दोस्तों और कई चाहने वालों के प्रति संवेदनाएं। ब्रिटेन के नागरिक श्री टुली की ख्याति ऐसी थी कि लोग उन्हें 'दिल' से भारतीय कहा करते थे। उनका जन्म 1935 में कोलकाता में हुआ था और वहीं उनका बचपन बीता। फिर वह अपनी स्कूली शिक्षा के लिए दार्जलिंग के बोर्डिंग स्कूल चले गये। इक्कीस साल की उम्र में वह कॉलेज की पढ़ाई के लिए लंदन चले गये।

कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के बाद उन्होंने पादरी बनने के लिए सोचा, लेकिन वह फौज में चले गये। दो साल तक फौज में रहने के बाद और कुछ पठन-पाठन करने के बाद वह पत्रकारिता के क्षेत्र में उतर गये।

श्री टुली बीबीसी से लगभग तीन दशक तक जुड़े रहे और वहाँ से इस्तीफा देने के बाद स्वतंत्र पत्रकारिता करते रहे। भारत सरकार ने उन्हें 2002 में पद्म भूषण से नवाजा। ब्रिटिश सरकार ने भी उन्हें नाइटहुड की उपाधि दी थी।

# उत्तर-पश्चिमी हवाओं से दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में सुधार, ठंड बढ़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में ऊपरी हिमालय में हुई ताज़ा बर्फबारी के कारण रविवार को तेज़ उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ, लेकिन न्यूनतम तापमान गिरने से ठंड बढ़ गई।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार दोपहर में दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गिरकर 149 हो गया, जो औसत श्रेणी में रहा। यह पिछले दिन के 192 के मुकाबले थोड़ा बेहतर था। नौ जनवरी, 2022 को एक्यूआई रीडिंग 69 तक गिर गई थी।

राजधानी में ठंडी हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान भी गिर गया, जिससे पूरे शहर में कड़ाके की ठंड लौट आई। आज तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, ''पिछले 24 घंटों में दिल्ली में 17 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलीं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। अगले दो दिनों में तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है और उसके बाद दो से चार



डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, 26 से 28 जनवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित करेगा जिससे कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है और 27 जनवरी को कुछ जगहों पर भारी बारिश/बर्फबारी और ओलावृष्टि के आसार है। विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव में, गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सुबह के समय कर्तव्य पथ क्षेत्र में हल्की से मध्यम धुंध छाने की संभावना है।

# पेज एक का शेष

### नितिन नबीन ने ...

संबोधन में नितिन नबीन ने युवाओं को विशेष संदेश देते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और उन्हें सक्रिय राजनीति में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र है अगर एक कदम हम बढ़ाएं तो 140 करोड़ कदम देश आगे बढ़ेगा। इसी भावना के साथ युवाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने में योगदान देना होगा। भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश कानून-व्यवस्था और विकास के मॉडल के रूप में उभर रहा है। काशी, अयोध्या और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों का पुनर्विकास सरकार की सनातन परंपराओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ प्रदेश की विकास यात्रा को भी नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने ऐतिहासिक बदलाव देखा है और आज प्रदेश देश का ल्लउत्तम प्रदेशङ्क बनकर उभर रहा है। भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार मथुरा पहुंचे नितिन नबीन का कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। वृंदावन के छटीकरा रोड स्थित अक्षयपात्र में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' सुनी और इसके बाद बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नितिन नबीन का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास की गति को और तेज करने के लिए हर कार्यकर्ता को संगठन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। यूपी भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत संगठन के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

### अच्युतानंदन, धर्मेंद्र समेत...

लड़ने में बीता। एक कट्टर सिद्धांतवादी नेता के रूप में, उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ और पर्यावरण संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण आंदोलन किये। पिछले साल 21 जुलाई को 101 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया था। भारतीय सिनेमा के 'ही-मैन' के रूप में विख्यात धर्मेंद्र का कला के क्षेत्र में योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने छह दशकों से अधिक के अपने करियर में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया। 'शोले', 'चुपके चुपके' और 'सत्यकाम' जैसी फिल्मों के माध्यम से उन्होंने न केवल अभिनय की विविधता पेश की, बल्कि भारतीय फिल्म उद्योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में भी बड़ी भूमिका निभाई। उनका 89 वर्ष की उम्र में पिछले साल 24 नवंबर को देहावसान हो गया था। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति के. टी. थॉमस सार्वजनिक मामलों और न्याय व्यवस्था में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। उन्होंने कई ऐतिहासिक और साहसिक फैसले सुनाए जिन्होंने देश की कानूनी दिशा को प्रभावित किया। न्याय के प्रति उनकी निष्पक्षता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें सार्वजनिक जीवन में एक सम्मानित स्थान दिलाया है। वह कानून की जटिलताओं को सुलझाने और न्याय प्रणाली में सुधार के कट्टर समर्थक हैं। डॉ. एन. राजम का नाम शास्त्रीय संगीत की दुनिया में सम्मानपूर्वक लिया जाता है। वायलिन वादन में 'गायन अंग' (वायलिन पर गायकी का प्रभाव उत्पन्न करना) की कला को विकसित करने का श्रेय उन्हें ही जाता है। उत्तर प्रदेश से जुड़ीं इस महान कलाकार ने अपनी उंगलियों के जादू से वायलिन को भारतीय शास्त्रीय संगीत में एक नया दर्ज़ा दिलाया है। शिक्षा और कला के मिश्रण के साथ उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में श्री नारायणन का योगदान समाज की बौद्धिक प्रगति का आधार रहा है। उन्होंने अपनी लेखनी और शैक्षिक कार्यों के माध्यम से न केवल क्षेत्रीय भाषा बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी ज्ञान का प्रसार किया। शिक्षा को सुलभ बनाने और साहित्य के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने में भी उनका अहम योगदान रहा है। उन्होंने युवा पीढ़ी के बीच वैचारिक चेतना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### युवा ऊर्जा के प्रतीक

सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''एक समय था जब यूपी के सामने पहचान का संकट था। लोग यहाँ की विरासत को कोसते थे और बीमारू राज्य होने के कारण हमें अपमानित किया जाता था। लेकिन अब दृष्टिकोण बदल गया है। आज यूपी बीमारू नहीं है, बल्कि देश के विकास का इंजन है।'' योगी ने कहा कि आज का युवा और आधी आबादी (महिलाएं) गर्व से कह सकते हैं कि वे यूपी के नागरिक हैं। सियासी कार्यक्रमों के बाद मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष बांकेबिहारी मंदिर पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दोनों नेताओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने ठाकुरजी के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि के साथ 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि की प्रार्थना की। मंदिर के सेवायतों ने उन्हें पटुका और प्रसादी भेंट कर सम्मानित किया। मंच पर मौजूद केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण और बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह की उपस्थिति में योगी ने कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया। उन्होंने विश्वास जताया कि विकास की गति को बढ़ाने के लिए हर कार्यकर्ता 'प्राणप्रण' से जुटकर भविष्य के निर्माण में योगदान देगा। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत शर्मा, राजेश चौधरी और कई दिग्गज नेता मौजूद रहे।

### भारतीय उत्पाद...

रविवार को आग्रह किया। रेडियो पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में मोदी ने कहा कि भारतीय उत्पाद उच्च गुणवत्ता के पर्याय होने चाहिए। उन्होंने उद्योग से ऐसे उत्पादों का निर्माण करने का आग्रह किया जिनमें किसी प्रकार की कमी नहीं हो। प्रधानमंत्री ने अपने 130वें 'मन की बात' संबोधन में कहा, ''हम जो कुछ भी निर्मित करते हैं, आइए, उसकी गुणवत्ता में सुधार करने का संकल्प लें। चाहे वह हमारे वस्त्र हों, प्रौद्योगिकी हो, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हों या पैकेजिंग, हर भारतीय उत्पाद 'सर्वोत्तम गुणवत्ता' का पर्याय होना चाहिए। उन्होंने उन युवाओं के प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने 10 साल पहले 2016 में शुरू हुई भारत की स्टार्टअप यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मोदी ने कहा, ''आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है। ये स्टार्टअप ढर्रे से हटकर काम कर रहे हैं; ये उन क्षेत्रों में काम कर रहे हैं जिनकी कल्पना भी 10 साल पहले तक नहीं की जा सकती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप कंपनियां एआई, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, गतिशीलता, हरित हाइड्रोजन और जैव प्रौद्योगिकी जैसे विविध क्षेत्रों में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''आप किसी भी क्षेत्र का नाम लीजिए और आपको उस क्षेत्र में काम करने वाला कोई न कोई भारतीय स्टार्टअप मिल जाएगा। मैं अपने उन सभी युवा मित्रों को सलाम करता हूं जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस की भी शुभकामनाएं दीं।

### उप्र के 90 पुलिसकर्मी बने...

और 68 को सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। गृह मंत्रालय द्वारा जारी सूची के अनुसार यूपी से कुल 90 पुलिसकर्मियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। वीरता पदक पाने वालों में इंस्पेक्टर संतोष कुमार, सब-इंस्पेक्टर सौरभ मिश्रा, हेड कांस्टेबल कविंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अमीत, हेड कांस्टेबल बैजनाथ राम, मनोज कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर अतुल चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश, उप पुलिस अधीक्षक धर्मेश कुमार शाही, इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह, सब-इंस्पेक्टर यशवंत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक रजनीश कुमार उपाध्याय, सब-इंस्पेक्टर जर्रार हुसैन, सुनील सिंह तथा कांस्टेबल कुनाल मलिक शामिल हैं। सराहनीय सेवा पदक पाने वालों में आईजी आकाश कुलहरि, अमित पाठक, पुलिस अधीक्षक घनश्याम, डीसीपी नीरज कुमार पांडेय, डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, एसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव, डीसीपी अतुल कुमार श्रीवास्तव, कमांडेंट निहारिका शर्मा, डीसीपी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह, कमांडेंट संजीव कुमार बाजपेयी, एसपी रोहित मिश्रा, एएसपी प्रेम चंद, कमांडेंट सर्वेश कुमार मिश्रा, एएसपी सत्यपाल सिंह, एएसपी राहुल मिथास और एएसपी राज कुमार प्रमुख हैं। इसके अलावा पन्ना लाल, सैफुद्दीन बेग, अंजनी कुमार राय, प्रदीप सिंह चंदेल, जगदीश कालीरामन, अभय प्रताप मल्ल, कंपनी कमांडर हकीमुद्दीन, प्लाटून कमांडर जय प्रकाश शर्मा, सचिदानंद तिवारी, शिव लाल, सुनील कुमार सिंह सहित कई इंस्पेक्टर व उपनिरीक्षक केशव दत्त शर्मा, नरेंद्र कुमार दुबे, योगेंद्र कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, अवध बिहारी निरंजन, हाकिम सिंह यादव, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, राम सरन सिंह यादव, मणि शंकर तिवारी, महेश पाल सिंह, अशोक कुमार कंबोज, शमशेर यादव, गीता अहिरवार, रमाकांत पचौरी, युगुल किशोर चंद, ओमप्रकाश यादव, प्रेमपाल, रणजीत, सत्यवीर सिंह, शिवा कांत मिश्रा, वीरेंद्र प्रताप सिंह और विजय सिंह भी सूची में शामिल हैं। अग्निशमन सेवा से एफएसएसओ नसीरुद्दीन खान, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार सिंह, लीडिंग फायरमैन गुलाब प्रसाद और लीडिंग फायरमैन लल्लन राम को सराहनीय सेवा पदक दिया गया है। वहीं होमगार्ड/सिविल डिफेंस से रेक्की अधिकारी अशुतोष द्विवेदी तथा डिप्टी डिविजनल वार्डन मुनव्वर सुल्ताना को भी सम्मानित किया गया है। पुलिस मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ल्लयह सम्मान प्रदेश के उन जमीनी स्तर के कर्मियों की मेहनत का परिणाम है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी जनता की सेवा में डटे रहते हैं। यह पूरे बल का मनोबल बढ़ाने वाला है।

